वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT 2010-2011

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
Ministry of Minority Affairs

भारत सरकार
Government of India

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT 2010-11

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

Ministry of Minority Affairs
Government of India

Web-site : www.minorityaffairs.gov.in

विषय सूची

अध्याय सं.	शीर्षक	पृष्ठ सं.
1	प्रस्तावना	1-4
2	विशिष्टताएं	5-7
3	अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम	8-12
4	सच्चर समिति की रिपोर्ट और अनुवर्ती कार्रवाई	13-18
5	अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) की पहचान	19-20
6	बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की योजना (एमएसडीपी)	21-24
7	मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना	25
8	मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना	26
9	मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना	27-28
10	कोचिंग एवं सम्बद्ध सहायता	29-30
11	प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन	31-32
12	पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन	33-34
13	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को सहायता अनुदान की योजना	35
14	वर्श 2009–10 की नई योजनाएं	36-37
15	आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक	38-39
16	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग	40-42
17	वक्फ प्रशासन और केन्द्रीय वक्फ परिषद	43-45
18	दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955	46-47
19	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी)	48-49
20	मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान	50-51
21	जेन्डर विशिष्ट मुद्दे और जेन्डर बजटिंग	52-53
22	सूचना का अधिकार अधिनियम	54
23	विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ वर्ष के दौरान लिए गए नीतिगत निर्णय और की गई कार्रवाई	55
24	सरकारी लेखापरीक्षा संबंधी पैरा	56-57
25	परिणाम ढांचा दस्तावेज, नागरिक/सेवार्थियों का चार्टर तथा शिकायत निवारण तंत्र	58-59
	अनुलग्नक	60-74

अध्याय–1

प्रस्तावना

1.1 अल्पसंख्यकों से संबंधित मामलों पर बल देना सुनिश्चित करने और अल्पसंख्यक समुदायों के लाभ के लिए समग्र नीति तैयार करने और योजना, समन्वयन, मूल्यांकन, विनियामक ढांचे एवं विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन तथा समीक्षा करने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का सृजन 29 जनवरी, 2006 को किया गया था।

1.2 दिनांक 19 जनवरी, 2011 के मंत्रिमंडल सचिवालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/34/1/2011–मंत्रि. के तहत दिनांक 20 जनवरी, 2011 से श्री सलमान खुर्शीद, जल संसाधन मंत्री का कार्यभार ग्रहण किये हैं। उनके पास अल्पसंख्यक मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार होगा। इसी तारीख को श्री विन्सेंट एच. पाला ने भी अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। वह जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार भी संभालते रहेंगे। मंत्रालय के सचिव के कार्य में एक संयुक्त सचिव तथा वित्त सलाहकार (अतिरिक्त प्रभार) तथा तीन संयुक्त सचिव सहयोग प्रदान करते हैं। मंत्रालय के अधिकारियों/कर्मचारियों की स्वीकृत पद संख्या 94 है। मंत्रालय की स्वीकृत पदों की संख्या और भरे गए पदों को दर्शाने वाला एक विवरण **अनुलग्नक**–I पर है। मंत्रालय का संगठनात्मक चार्ट **अनुलग्नक**–II पर दिया गया है।

कार्यों का आबंटन

1.3 भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियमावली, 1961 की दूसरी अनुसूची के अनुसार इस मंत्रालय को आबंटित किए गए कार्य इस प्रकार हैं :–

(i) अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विकास तथा विनियामक ढांचे और कार्यक्रमों पर समग्र नीति तैयार करने, योजना, समन्वय, मूल्यांकन तथा समीक्षा करना।

(ii) कानून और व्यवस्था से संबंधित मामलों को छोड़कर अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित सभी मामले।

(iii) अन्य केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों तथा राज्य सरकार के परामर्श से अल्पसंख्यकों के संरक्षण और उनकी सुरक्षा के लिए नीति की पहलें करना।

(iv) भाषायी अल्पसंख्यकों तथा आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक के कार्यालय से संबंधित मामले।

(v) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम से संबंधित मामले।

(vi) शरणार्थी सम्पत्ति अधिनियम, 1950 (1950 का 31), (जो अब निरस्त हो गया है) के प्रशासन के अंतर्गत शरणार्थी वक्फ सम्पत्तियों से संबंधित कार्य।

(vii) एंगलो–इंडियन समुदाय का प्रतिनिधित्व।

(viii) विदेश मंत्रालय के परामर्श से 1955 के पंत–मिर्जा समझौते के अनुसार पाकिस्तान में गैर–मुस्लिम पूजा स्थलों और भारत में मुस्लिम पूजा स्थलों का संरक्षण और परिरक्षण करना।

(ix) विदेश मंत्रालय के परामर्श से पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित प्रश्न।

(x) धार्मिक और धर्मार्थ संस्थान, विभाग में निबटाए जा रहे विषयों से संबंधित धर्मार्थ एवं धार्मिक स्थायी निधि।

(xi) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान सहित अल्पसंख्यकों, अल्पसंख्यक संगठनों के सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक स्थिति से संबंधित मामले।

(xii) वक्फ अधिनियम, 1995 (1995 का 43) और केन्द्रीय वक्फ परिषद।

(xiii) दरगाह ख्वा़जा साहेब अधिनियम, 1955 (1955 का 36)

(xiv) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम सहित अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्यक्रमों और परियोजनाओं का वित्त प्रबंध।

(xv) अल्पसंख्यकों के लिए केन्द्रीय और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ–साथ निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर।

(xvi) अन्य संबद्ध केन्द्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के परामर्शन में अल्पसंख्यकों और उनकी सुरक्षा और संरक्षण से संबंधित उपाय करना।

(xvii) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों के मध्य सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग ।

(xviii) अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम।

(xix) अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित कोई अन्य विषय।

सांविधिक, वैधानिक और स्वायत्त निकाय

1.4 इस मंत्रालय के निम्नलिखित सांविधिक / वैधानिक / स्वायत्त निकाय आदि हैं :–

(i) आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक।

(ii) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग।

(iii) केन्द्रीय वक्फ परिषद।

(iv) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम।

(v) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान।

(vi) दरगाह ख्वाजा साहेब, अजमेर।

अधिनियमों का प्रशासन

1.5 यह मंत्रालय निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन और कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है :–

(i) दरगाह ख़्वाजा साहेब अधिनियम, 1955

(ii) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992

(iii) वक्फ अधिनियम, 1995

23 जनवरी, 2011 को श्री सलमान खुर्शीद, अल्पसंख्यक कार्य मंत्री तथा श्री विंसेन्ट एच. पाला, अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री, श्री विवेक मेहरोत्रा, सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के साथ विचार–विमर्श करते हुए।

राजभाषा का प्रयोग

1.6 मंत्रालय द्वारा अपने सभी महत्वपूर्ण आदेश व अधिसूचनाएं द्विभाषी रूप में जारी की गईं। मंत्रालय में 1 से 15 सितम्बर, 2010 के दौरान हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा पुरस्कार भी वितरित किए गए।

सतर्कता एकक

1.7 श्री अमेजिंग लुईखम, संयुक्त सचिव को अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी सहायतार्थ एक उप सचिव और एक अवर सचिव हैं, जो अपने नियमित कार्यों के अतिरिक्त इन कार्यों को भी देख रहे हैं। मंत्रालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 25 अक्तूबर से 01 नवम्बर, 2010 तक किया गया।

राष्ट्रीय एकता सप्ताह

1.8 मंत्रालय में देशभक्ति, सांप्रदायिक सद्भाव और एकता की भावना विकसित करने के लिए 19 से 25 नवम्बर, 2009 तक कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकीकरण सप्ताह) मनाया गया।

ई–गवर्नेंस

1.9 मंत्रालय की वेबसाइट यूआरएल www.minorityaffairs.gov.in पर है। मंत्रालय के कार्यकलापों और उसके कार्यक्रमों/स्कीमों, अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नये 15–सूत्रीय कार्यक्रम एवं भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट से संबंधित सूचना तथा उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई, राष्ट्रीय धार्मिक तथा भाषाई अल्पसंख्यक आयोग की रिपोर्ट, असमानता सूचकांक पर विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट, समान अवसर आयोग पर विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट, भारत में अल्पसंख्यकों का भौगोलिक वितरण में अड़चनों के संबंध में, अन्तर–मंत्रालयी कार्य–बल की रिपोर्ट, सम्बद्ध संगठन, निविदा सूचनाएं, रोजगार संबंधी विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्तियां, बहु–क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत किये गये कार्यों के फोटोग्राफ, प्रगति रिपोर्टें और आंकड़े आदि से संबंधित आधारित सूचनाएं उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। विभिन्न योजनाओं के अधीन जिल छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी हैं, उनके नाम भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। छात्रवृत्ति योजना का विस्तृत ब्यौरा के अतिरिक्त, छात्रों की सहायतार्थ विभिन्न बार–बार पूछे गए प्रश्नों को भी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। वेबसाइट की विषय–वस्तु को लगातार अद्यतन किया जाता है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

1.10 इस अधिनियम के अधीन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी के रूप में छह पदनामित अधिकारी हैं तथा तीन संयुक्त सचिवगण पदनामित अपीलीय अधिकारी हैं।

बजट

1.11 ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007–12) में मंत्रालय को इसकी विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के लिए ₹ 7000 करोड़ के परिव्यय का आबंटन किया गया था। वर्ष 2010–11 के बजट अनुमान में ₹ 2600 करोड़ के योजनागत बजट का प्रावधान किया गया था, जिसे वर्ष 2010–11 के संशोधित अनुमान में कम कर ₹ 2500 करोड़ कर दिया गया था। वर्ष 2010–11 के बजट अनुमान में ₹15.37 करोड़ के गैर–योजनागत बजट का प्रावधान किया गया था, जिसे बाद में 2010–11 के संशोधित अनुमान में कम कर ₹ 14.50 करोड़ कर दिया गया था। ग्यारहवीं योजना की योजना/कार्यक्रमवार परिव्यय, बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा वर्ष 2010–11 (31 दिसम्बर, 2010 तक) के दौरान वास्तविक व्यय को दर्शाने वाला एक विवरण **अनुलग्नक**–III में दिया गया है।

फाइल ट्रैकिंग सिस्टम

मंत्रालय में नवम्बर, 2010 से फाइल ट्रैकिंग सिस्टम कार्यरत है। इस प्रणाली के लिए (सिस्टम) सॉफ्टवेयर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) द्वारा विकसित किया गया था। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से मंत्रालय के फाइलों के एक स्तर से दूसरे स्तर तक के संचलन की स्थिति पर निगरानी रखी जा सकती है, मंत्रालय में प्राप्त सभी पत्रों की प्राप्ति और उनके निस्तारण और उन पर की गई कार्रवाई संबंधी विवरण प्राप्त किए जा सकते हैं।

अध्याय–2

विशिष्टताएं

2.1 मंत्रालय ने दिनांक 29.1.2011 को अपने गठन के पांच वर्ष पूरे कर लिए हैं।

2.2 वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान निम्नलिखित नयी योजनाएं शुरू/अनुमोदित की गईः–

i) अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति।

ii) राज्य वक्फ बोर्डों और केन्द्रीय वक्फ परिषद के रिकार्डों का कम्प्यूटरीकरण।

iii) अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास की योजना।

2.3 अल्पसंख्यकों के लिए विकास योजनाओं से संबंधित अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन की योजनागत स्कीम के तहत इस मंत्रालय की योजनाओं/कार्यक्रमों की निगरानी के लिए राष्ट्रीय स्तर के मॉनीटरों की एक योजना भी 04 दिसम्बर, 2009 को शुरू की गई।

2.4 वर्ष 2010–11 के लिए ₹ 2600 करोड़ (संशोधित अनुमान स्तर पर ₹ 2500 करोड़) के वार्षिक योजना आवंटन में से 31 दिसम्बर, 2010 तक ₹ 1470.00 करोड़ (58.82 प्रतिशत) व्यय किया गया है।

2.5 मंत्रालय ने अपने गठन के समय से 31 दिसम्बर, 2010 तक मंत्रालय की मैट्रिक–पूर्व, मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना और मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को 67.43 लाख से अधिक छात्रवृत्तियां वितरित की जा चुकी हैं। इन तीन छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत अल्पसंख्यक छात्रों को वर्ष 2008–09, 2009–10 और 2010–11 (31 दिसम्बर, 2010 तक) संवितरित छात्रवृत्तियों का उल्लेख नीचे की सारणी में किया गया है –

वर्ष 2008–09, 2009–10 और 2010–11 (31.12.2010 तक) के दौरान अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्तियों का संवितरण दर्शाने वाला विवरण :–

(विद्यार्थियों की संख्या लाख में)

योजनाएं	2008-09	2009-10	2010-11 (31.12.2010 तक)
मैट्रिक–पूर्व	5.13	17.29	34.05
मैट्रिकोत्तर	1.70	3.64	4.20
मेरिट–सह–साधन	0.27	0.36	0.37
कुल	7.10	21.29	38.62

जागरूकता लाने की दृष्टि से प्रत्येक स्कॉलरशिप/कोचिंग स्कीम के संदर्भ में बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसी प्रकार, पारदर्शिता लाने की दृष्टि से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की सूची को उनके वेबसाइटों पर अपलोड किया जा रहा है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वेबसाइटों को मंत्रालय की वेबसाइट से जोड़ा गया है। मंत्रालय की वेबसाइट पर सूचनाओं को नियमित तौर पर अद्यतन किया जाता है।

बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों में से 89 जिलों की योजनाओं पर विचार किया गया है, जिनमें से 41 जिलों की योजनाओं को पूर्णतः और 48 जिलों की योजनाओं को आंशिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। वर्ष 2008–09 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2010 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ₹ 1829.31 करोड़ की राशि जारी की गयी है।

कार्यक्रम के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से यह अपेक्षित होता है कि वे चालू तथा पूर्ण हो चुके कार्यों के फोटोग्राफ प्रस्तुत करें। ये फोटोग्राफ प्राप्त हो गए हैं, जिन्हें मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है।

2.6 भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति के अध्ययन से संबंधित उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसाओं तथा वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति की अनुशंसाओं के अनुपालन में वक्फ संशोधन विधेयक, 2010 को लोक सभा द्वारा 07 मई, 2010 को पारित किया गया था और उसे स्वीकृति के लिए राज्य सभा में भेज दिया गया था। यह विधेयक राज्य सभा में चयन समिति को भेजा गया है।

2.7 मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की वर्ष 2006 में संचित निधि ₹ 100 करोड़ थी, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2010–11 में ₹ 550 करोड़ कर दिया गया है।

2.8 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की अधिकृत शेयर पूंजी को वर्ष 2010–11 में बढ़ाकर ₹ 1500 करोड़ कर दिया गया है, जिसमें भारत सरकार की इक्विटी भागीदारी ₹ 975 करोड़ (65 प्रतिशत) है। भारत सरकार ने दिनांक 31 दिसम्बर, 2010 तक एनएमडीएफसी के इक्विटी शेयर पूंजी में ₹ 760.36 करोड़ (77.36 प्रतिशत) का अंशदान किया है। दिनांक 31 दिसम्बर, 2010 तक एनएमडीएफसी की इक्विटी शेयर पूंजी में राज्य सरकारों और अन्य का अंशदान ₹ 163.21 करोड़ है।

2.9 अक्तूबर, 2004 में भारत सरकार द्वारा न्यायमूर्ति श्री रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय धार्मिक एवं भाषायी अल्पसंख्यक आयोग (एनसीआरएलएम) का गठन धार्मिक एवं भाषाई अल्पसख्यकों में सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों की पहचान हेतु मानदंड सुझाने तथा सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण सहित उनके कल्याण संबंधी उपाय की अनुशंसा करने के लिए किया गया था। एनसीआरएलएम की वर्ष 2009 की रिपोर्ट को संसद में 18 दिसम्बर, 2010 को प्रस्तुत किया गया था।

2.10 श्री नन्दलाल जोटवानी विंग कमांडर (सेवा निवृत्त) को दिनांक 10 दिसम्बर, 2010 को आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक नियुक्त किया गया है। आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक की 45वीं और 46वीं वार्षिक रिपोर्ट को वर्ष 2010 के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में रखा गया।

2.11 मंत्रालय द्वारा आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यों को देश में भाषायी अल्पसंख्यकों के लिए रक्षोपायों से अवगत कराने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों और गैर–सरकारी संगठनों के नॉडल अधिकारियों के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन के आयोजन का कार्य शुरू किया गया है।

श्री सलमान खुर्शीद, अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री का दिनांक 15 मई, 2010 को संवाददाताओं के साथ वार्तालाप

अध्याय–3

अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम

3.1 अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम की घोषणा जून, 2006 में हुई थी। इसमें निश्चित लक्ष्य सहित कार्यक्रम विशिष्ट क्रियाकलापों का प्रावधान है, जिसे निर्धारित समय सीमा में प्राप्त किया जाना है। इस कार्यक्रम के उद्देश्य हैं – (क) शिक्षा के अवसरों को बढ़ाना; (ख) वर्तमान तथा नयी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक कार्यकलापों और रोजगार में अल्पसंख्यकों के लिए समुचित भागीदारी, स्वरोजगार के लिए ऋण सहायता में वृद्धि और केन्द्र व राज्य सरकार की नौकरियों में भर्ती सुनिश्चित करना (ग) अवसंरचना विकास योजना से जुड़ी योजनाओं में अल्पसंख्यकों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और (घ) सांप्रदायिक असामंजस्य और हिंसा का निवारण और नियंत्रण करना।

3.2 इस नए कार्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य यह है कि शोषित वर्गों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदायों के वंचित वर्गों तक पहुंचे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन योजनाओं के लाभ अल्पसंख्यकों तक समान रूप से पहुंचे, नए कार्यक्रम में इन विकास परियोजनाओं के कुछ भाग को अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में अवस्थित करने की परिकल्पना की गई है। इसमें यह भी प्रावधान है कि जहां कहीं संभव हो विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्यों और परिव्ययों का 15: अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित किया जाए।

3.3 इस कार्यक्रम का लक्षित समूह, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2(ग) के अंतर्गत अधिसूचित अल्पसंख्यकों में पात्र वर्ग हैं–मुस्लिम, इसाई, सिख, बौद्ध और पारसी। राज्यों में जहां राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2(ग) के अंतर्गत अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों में से एक समुदाय वास्तव में, बहुमत में है, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वास्तविक/वित्तीय लक्ष्य केवल अन्य अधिसूचित समुदायों के लिए निर्धारित होंगे। ये राज्य हैं – जम्मू और कश्मीर, पंजाब, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र।

3.4 इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर प्रत्येक मंत्रालय/विभाग द्वारा की जाती है। केन्द्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा इसकी समग्र प्रगति की समीक्षा अन्य मंत्रालयों के नोडल अधिकारियों के साथ तिमाही आधार पर की जाती है। इस कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा सचिवों की समिति द्वारा 6 माह में की जाती है तथा उसके बाद मंत्रिमंडल को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। मंत्रिमंडल द्वारा इस कार्यक्रम के जून, 2007 में शुरूआत के बाद से कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा 8 बार की जा चुकी है। दिशानिर्देशों में की गई परिकल्पना के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रगति की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय समितियां गठित करनी होती हैं। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी ऐसे तंत्र की परिकल्पना की गई है।

3.5 नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम में शामिल एवं निर्धारण योग्य योजनाओं की सूची इस प्रकार है :–

- समेकित बाल विकास सेवा योजना जिसके तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाती हैं (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय)
- सर्व शिक्षा अभियान और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना (मानव संसाधन विकास मंत्रालय)
- स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (ग्रामीण विकास मंत्रालय)
- स्वर्णजयंती शहरी रोजगार योजना (आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय)
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय)
- प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अंतर्गत बैंक ऋण (वित्तीय सेवा विभाग)
- इन्दिरा आवास योजना (ग्रामीण विकास मंत्रालय)

प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत शामिल तथा वर्ष 2010–11 के दौरान (31 दिसम्बर, 2010 की अवधि तक) निर्धारण योग्य मानी गयी योजनाओं की उपलब्धियां –

क्रम सं0	योजना का नाम एवं संबद्ध मंत्रालय/विभाग	उपलब्धि (वास्तविक)
1.	सर्व शिक्षा अभियान स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग	
(i)	निर्मित प्राइमरी स्कूलों की संख्या	3300
(ii)	निर्मित उच्च प्राइमरी स्कूलों की संख्या	811
(iii)	निर्मित अतिरिक्त कक्षों की संख्या	25604
(iv)	खोले गए नए प्राइमरी स्कूलों की संख्या	11501
(v)	खोले गए नए उच्च प्राइमरी स्कूलों की संख्या	1886
(vi)	स्वीकृत शिक्षकों की संख्या	30759
(vii)	अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े ब्लॉकों में स्वीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की संख्या	अल्पसंख्यक बहुल जिलों में स्वीकृत सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालय संचालित हो गए हैं। वर्ष 2010–11 के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं।
2.	स्वर्ण जंयती ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत सहायता प्रदत्त स्वरोजगारी। ग्रामीण विकास मंत्रालय	111785

3.	इंदिरा आवास योजना के तहत सहायता प्रदत्त गरीबी रेखा से नीचे के परिवार। ग्रामीण विकास मंत्रालय	363122
4.	स्वर्ण जंयती शहरी रोजगार योजना के तहत सहायता प्रदत्त लाभार्थी। आवास एवं शहरी निर्धनता उन्मूलन मंत्रालय	
(i)	शहरी स्व–रोजगार कार्यक्रम के तहत इंडिविजुवल एंटर प्राइजेज	4300
(ii)	शहरी निर्धनों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल प्रशिक्षण	9672
5.	समन्वित बाल विकास योजना के तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	3406

क्रम सं0	**योजना का नाम एवं संबद्ध मंत्रालय/विभाग**	**उपलब्धि (वित्तीय) (₹ करोड़ में)**
1.	इंदिरा आवास योजना : ग्रामीण विकास मंत्रालय	926.08
2.	स्वर्ण जंयती शहरी रोजगार योजना : आवास एवं शहरी निर्धनता उन्मूलन मंत्रालय 'अनंतिम	5.83
3.	आईटीआई को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में उन्नत किया जाना : श्रम एवं रोजगार मंत्रालय	121.35
4.	प्राथमिकता श्रेत्र ऋण : वित्तीय सेवा विभाग	128382.43

इस कार्यक्रम में वर्ष 2009–10 में तीन नई योजनाओं को शामिल किया गया है –

(क) राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम (पेय जल आपूर्ति विभाग)

(ख) शहरी अवसंरचना एंव शासन; तथा

(ग) लघु एवं मध्यम नगरों की शहरी अवसंरचना विकास की योजना (शहरी विकास मंत्रालय)

वर्ष 2010–11 के दौरान प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत शामिल की गयी उन योजनाओं की उपलब्धियां, जिनके तहत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं के लिए धनराशि प्रवाह/लाभ की निगरानी रखी जाती है। ब्यौरा नीचे दिया गया है :–

क्रम सं0	योजना का नाम एवं संबद्ध मंत्रालय/विभाग	उपलब्धि (वित्तीय) कवर किए गए अल्पसंख्यक बहुल नगरों/शहरों की संख्या और स्वीकृत परियोजना लागत। कुल स्वीकृति की प्रतिशतता कोष्ठक में दी गई है।
1.	शहरी निर्धनों को आधारभूत सेवाः आवास एवं शहरी निर्धनता उन्मूलन मंत्रालय	17 नगरों के लिए ₹ 5588.05 करोड़
2.	समन्वित आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम : आवास एवं शहरी निर्धनता उन्मूलन मंत्रालय	132 नगरों के लिए ₹ 1817.38 करोड़
3.	शहरी अवसंरचना और शासनः शहरी विकास मंत्रालय	17 नगरों के लिए ₹ 8623.66 करोड़
4.	लघु एवं मध्यम नगरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास की योजना : शहरी विकास मंत्रालय	108 नगरों के लिए ₹ 2620.31 करोड़
5.	राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रमः पेय जल आपूर्ति विभाग	अल्पसंख्यक बहुल जिलों में कुल 20804 परिवारों के लक्ष्य में से 6706 परिवारों के लिए स्वीकृत कुल राशि में ₹ 2618.84 करोड़

3.6 जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन, शहरी निर्धनों को आधारभूत सेवाएं तथा समेकित आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम (आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय) के तहत जिन अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों, नगरों/शहरों को लाभ हो रहा है उनकी निगरानी प्रधानंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत की जा रही है।

इस कार्यक्रम में शामिल इन नई स्कीमों के अंतर्गत अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले ब्लाकों/जिलों, कस्बों/शहरों को दिये जाने वाले लाभों की निगरानी प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत ही की जाती है।

3.8 प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किया गया है। वर्ष 2009 में, सरकार ने, अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति में लोक सभा से दो सांसद और राज्य सभा से एक सांसद को शामिल करने तथा राज्य सरकार द्वारा विधान सभा के दो सदस्यों को नामित करने की मंजूरी दी है। तथापि, राज्य स्तरीय समिति में शामिल किए गए सदस्यों में लोक सभा के एक तथा विधान सभा के सदस्य को उन राज्यों के किसी भी अल्पसंख्यक बहुल जिले में से चुना हुआ होना चाहिए। प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति के संबंध में, राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य सभा के एक सदस्य जिसे केन्द्र

सरकार द्वारा नामित किया जाएगा, के अलावा उस जिले के सभी संसद सदस्य और सभी विधान सभा सदस्य इस जिला स्तरीय समिति में शामिल किए जाएंगे। दिनांक 31 दिसम्बर, 2010 तक 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दोनों समितियों का गठन कर लिया गया है।

अध्याय–4

सच्चर समिति की रिपोर्ट और अनुवर्ती कार्रवाई

भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति के संबंध में प्रधानमंत्री की उच्च स्तरीय समिति की विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से संबंधित अनुशंसाओं पर सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था। सच्चर समिति की प्रमुख अनुशंसाओं पर अनुवर्ती कार्रवाई के संबंध में सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों पर कार्यान्वयन की स्थिति इस प्रकार है :–

4.1 वित्तीय सेवा विभाग :

(i) सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों को निदेश दिए गए हैं कि अल्पसंख्यक बहुल जिलों में अधिक शाखाएं खोलें। वर्ष 2007–08 में ऐसे जिलों में 523 शाखाएं खोली गईं। वर्ष 2008–09 में 537 नई शाखाएं खोली गईं। वर्ष 2009–10 में 743 नई शाखाएं खोली गई हैं। वर्ष 2010–11 में 30 सितम्बर, 2010 तक 308 नई शाखाएं खोली गई हैं। वर्ष 2007–08 से कुल 2111 शाखाएं खोली गई हैं।

(ii) भारतीय रिजर्व बैंक ने अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण सुविधा बढाने हेतु प्राथमिकता क्षेत्र ऋण संबंधी अपने मास्टर सर्कुलर को 5 जुलाई, 2007 को संशोधित किया है। वर्ष 2007–08 से दिसम्बर, 2010 तक ₹ 128382.43 करोड़ का ऋण अल्पसंख्यक समुदाय को प्रदान किया गया, जो कुल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण का 13 प्रतिशत है।

(iii) प्रमुख बैंकों की जिला परामर्शन समितियों (डीसीसी) को अल्पसंख्यकों के ऋण आवेदनों के निस्तारण और उन्हें अस्वीकार किए जाने के कार्य पर नियमित निगरानी रखने के निदेश दिए गए हैं।

(iv) महिलाओं में लघु वित्त ऋण को बढ़ावा देने के लिए अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए 4,67,082 खाते खोले गए तथा वर्ष 2010–11 में उन्हें ₹ 3373 करोड़ का लघु ऋण दिया गयाा।

(v) सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों को अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों/जिलों/नगरों में जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया है। वर्ष 2010–11 में ऐसे क्षेत्रों में 1905 जागरूकता अभियानों का आयोजन किया गया।

(vi) प्रमुख बैंकों द्वारा अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों/जिलों/नगरों में 313 उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

4.2 मानव संसाधन विकास मंत्रालय :

सच्चर समिति द्वारा यथा इंगित मुस्लिम समुदाय के शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या के समाधान हेतु एक बहु–आयामी कार्यनीति, जैसा नीचे दिया गया है, अपनाई गई है –

(क) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना के तहत शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों के मानदण्ड को 1 अप्रैल, 2008 से संशोधित किया गया है, ताकि 30% से कम ग्रामीण महिला साक्षरता वाले ब्लॉकों तथा राष्ट्रीय

औसत से नीचे के महिला साक्षरता वाले शहरी ब्लॉकों (53.67% : वर्ष 2001 की जनगणना) को योजना में शामिल किया जा सके। योजना के तहत अल्पसंख्यक बहुल जिलों के लिए स्वीकृत सभी विद्यालय संचालित हो गए हैं।

(ख) माध्यमिक स्तर पर गुणवत्तापरक शिक्षा सुलभ कराने के लिए राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान को स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में सरकारी स्कूल खोले जाने को वरीयता दी जानी है। राज्य सरकारों को सलाह दी गयी है कि योजना के तहत प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते समय अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में नए स्कूलों की स्थापना/स्कूलों के उन्नयन को प्राथमिकता दें।

(ग) देश के शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े 374 जिलों में एक–एक मॉडल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े 374 जिलों में से 67 जिले अभिनिर्धारित अल्पसंख्यक बहुल जिले हैं।

(घ) सब–मिशन ऑफ पालीटेक्नीक्स योजना के तहत अन–सर्व्ड और अन्डर–सर्व्ड जिलों में पालीटेक्नीक्स स्थापित किए जाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना के तहत अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों में से 57 जिले विचारार्थ पात्र हैं। अब तक अल्पसंख्यक बहुल 35 जिलों को पालीटेक्नीक्स की स्थापना के लिए शामिल किया गया है।

(ङ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अल्पसंख्यक विशेषकर मुस्लिम बहुल जिलों/ब्लॉकों में कालेजों और विश्वविद्यालयों में और अधिक बालिका छात्रावासों के प्रावधान को वरीयता दी गई है। यूजीसी ने 11वीं योजना के दौरान अल्पसंख्यक बहुल 19 जिलों में 233 महिला छात्रावासों की स्वीकृति प्रदान की है।

(च) क्षेत्र उन्मुख और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम को संशोधित कर दो योजनाओं में बांटा गया है। 11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए ₹ 325 करोड़ के आवंटन के साथ मदरसों में गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने की योजना का शुभारंभ किया गया है। इसमें शिक्षकों को बेहतर वेतन प्रदान करने तथा पुस्तकों, शिक्षण सहायता और कम्प्यूटरों के लिए अधिक सहायता प्रदान करने और व्यावसायिक विषयों की शुरुआत करने जैसे आकर्षक प्रावधान शामिल हैं। दूसरी योजना, सहायता प्राप्त/सहायता–रहित निजी अल्पसंख्यकों संस्थानों में अवसंरचना विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी है, जिसे 11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए ₹ 125 करोड़ के आवंटन के साथ शुरू किया गया है।

(छ) उच्चत्तर शिक्षा सुलभ कराने की दृष्टि से राज्य मदरसा बोर्डों द्वारा, जिनके प्रमाण–पत्रों और अर्हताओं को संबद्ध राज्य बोर्डों द्वारा समकक्ष माना गया है, जारी प्रमाण–पत्रों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), कॉउंसिल ऑफ बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन इन इंडिया (सीओबीएसई) अथवा/और किसी अन्य स्कूल परीक्षा बोर्ड द्वारा समकक्ष माना जाएगा।

(ज) तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालयों नामतः अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय और मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय में उर्दू माध्यम के अध्यापकों के व्यावसायिक उन्नयन हेतु अकादमी खोले गए हैं।

(झ) संशोधित योजना के तहत ऐसे किसी क्षेत्र के सरकारी स्कूल में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वित्तीय सहायता दी जाती है, जिस क्षेत्र में उर्दू बोलने वालों की आबादी 25% से अधिक हो। वित्तीय सहायता राज्य सरकार के स्कूलों में नियुक्त उर्दू शिक्षकों के लिए प्रचलित वेतन ढ़ांचे पर आधारित होगी। अंश–कालिक उर्दू शिक्षकों को मानदेय भी स्वीकार्य है।

(ञ) राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में समुदाय आधारित जागरूकता अभियान चलाने का सुझाव दिया गया है। वर्ष 2009–10 में साक्षर भारत के तहत अल्पसंख्यक बहुल 19 जिलों को शामिल किया गया।

(ट) संशोधित योजनाओं में जन शिक्षण संस्थानों की परिकल्पना की गई है। वर्तमान में देश में मुस्लिम बहुल 88 जिलों में से 33 जिलों में जन शिक्षण संस्थानों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

(ठ) वर्ष 2008–09 से देश के सभी क्षेत्रों में मध्याह्न भोजन योजना को विस्तार दिया गया है तथा इसमें उच्चतर प्राइमरी स्कूलों को भी शामिल किया गया है। मुस्लिम बहुल ब्लॉकों को योजना के तहत शामिल किया जा रहा है।

(ड) सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों को विद्यमान स्कूल भवनों और सामुदायिक भवनों को स्कूली बच्चों के लिए अध्ययन केन्द्र के रूप में प्रयोग में लाने की सलाह दी गई है।

(ढ) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा – 2005 के आलोक में सभी कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार की गई हैं।

(ण) अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सामाजिक आमेलन और बहिष्कार नीति के अध्ययन हेतु 35 विश्वविद्यालयों ने अध्ययन केन्द्र की शुरूआत की है। इसके अतिरिक्त, 1280 समान अवसर केन्द्रों की स्थापना वर्ष 2009–10 के दौरान 51 विश्वविद्यालयों में की गई है तथा वर्ष 2010–11 और 2011–12 में क्रमशः 1345 और 1367 केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित हैं।

4.3 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय :

(क) समान अवसर आयोग की कार्य प्रणाली और संरचना संबंधी अध्ययन और अनुशंसा के लिए गठित विशेषज्ञ दल ने अपनी रिपोर्ट 13 मार्च, 2008 को सौंपी। इस रिपोर्ट पर तथा विविधता सूचकांक से संबंधित विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट पर अनुमोदित तौर–तरीकों के अनुसार कार्रवाई की गई है।

(ख) वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन संबंधी एक विधेयक लोक सभा में 27 अप्रैल, 2010 को प्रस्तुत किया गया तथा 7 मई, 2010 को पारित हुआ। इसके बाद इसे राज्य सभा में 13 सदस्यीय चयन समिति को भेजा गया है।

(ग) सरकार ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) के पुनर्गठन को सिद्धान्ततः स्वीकृति प्रदान कर दी है। निगम के पुनर्गठन संबंधी ब्यौरे तैयार करने हेतु एक कंसल्टेन्सी फर्म को नियुक्त किया गया है। फर्म ने मसौदा रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है, जिसकी मंत्रालय द्वारा समीक्षा की जा रही है। परामर्शक से अंतिम रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।

(घ) अल्पसंख्यक बहुल अभिनिर्धारित 338 नगरों के समग्र विकास के लिए उपयुक्त कार्यनीति और कार्ययोजना तैयार करने के लिए गठित अंतरमंत्रालयीन कार्य दल द्वारा 08 नवम्बर, 2007 को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। संबद्ध मंत्रालय/विभागों से इन 338 नगरों में अपनी योजनाओं को कार्यान्वित करने को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है।

(ङ) अल्पसंख्यक समुदाय के लिए तीन छात्रवृत्ति योजनाएं नामतः – पहली से दसवीं कक्षा के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना, 11वीं से पीएच0डी तक की शिक्षा के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना और स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। इन योजनाओं के तहत वर्ष 2010–11 में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को 38.62 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए ₹ 610.48 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई हैं। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कार्यान्वयन के लिए एम0फिल और पीएच0डी के छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति नामक योजना भी शुरू की गई है और 756 अध्येतावृत्तियां स्वीकृत की गयी है तथा वर्ष 2009–10 के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों/शोधार्थियों को 757 अध्येतावृत्तियां प्रदान की गई हैं।

(च) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की ₹ 100 करोड़ की संचित निधि को दिसम्बर, 2006 में दूना बढ़ाकर ₹ 200 करोड़ कर दिया गया था। संचित निधि में वर्ष 2007–08 में ₹ 50 करोड़ की वृद्धि तथा वर्ष 2008–09 में ₹ 60 करोड़ की वृद्धि की गई थी। वर्ष 2009–10 में संचित निधि में ₹ 115 करोड़ की वृद्धि तथा वर्ष 2010–11 में ₹ 125 करेाड़ की वृद्धि की गई जिसके बाद प्रतिश्ठान की संचित निधि ₹ 550 करोड़ हो गई है। प्रतिष्ठान की योजनाओं के तहत वर्ष 2007–08 से अब तक 280 गैर–सरकारी संगठनों को शैक्षिक संस्थानों में अवसंरचना विकास के लिए सहायता–अनुदान प्रदान किया गया है तथा 11वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी छात्राओं को 31145 छात्रवृत्तियां प्रदान की गई।

(छ) वर्ष 2006–07 में एक संशोधित कोचिंग एवं संबद्ध योजना की शुरूआत हुई थी जिसके तहत 31 दिसम्बर, 2010 तक अल्पसंख्यक समुदाय के 4725 छात्र/अभ्यर्थी लाभान्वित हुए हैं।

(ज) वर्ष 2008–09 में अल्पसंख्यक बहुल 90 अभिनिर्धारित जिलों में बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम शुरु किया गया। योजना की शुरूआत से हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, बिहार, मेघालय, झारखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उड़ीसा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, उत्तराखंड, मिजोरम, जम्मू और कश्मीर, दिल्ली, मध्यप्रदेश, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश राज्यों और संघ राज्यों में अल्पसंख्यक बहुल 89 जिलों की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा योजना की शुरूआत से 31 दिसम्बर, 2010 तक ₹ 1829.21 करोड़ की राशि जारी की गयी है।

4.4 सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय :

सामाजिक–धार्मिक समुदायों के लिए विभिन्न सामाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा मानदंडों से संबंधित आंकड़े संकलित करने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में एक राष्ट्रीय डाटा बैंक स्थापित किया गया है।

4.5 योजना आयोग :

(क) उचित एवं सुधारात्मक नीतिगत निर्णय लेने के लिए एकत्र किए गए आंकड़ों के विश्लेषण हेतु योजना आयोग में स्वायत्त आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण स्थापित किया गया है।

(ख) योजना आयोग में कौशल विकास कार्य में तेजी लाने के लिए एक विस्तृत सांस्थानिक तंत्र स्थापित किया गया है ताकि अल्पसंख्यकों सहित देश भर के कौशल विकास से जुड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। इस तंत्र में शामिल हैं–नेशनल कॉउंसिल ऑन स्किल डेवलपमेंट, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन बोर्ड और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन।

4.6 कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग :

(क) सरकारी कर्मचारियों की जानकारी के लिए भारतीय लोक प्रशासन संस्थान द्वारा एक प्रशिक्षण माड्यूल विकसित किया गया है। माड्यूल को कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय/राज्य प्रशिक्षण संस्थानों को भेजा गया है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी ने भी संगठित सिविल सेवाओं की जानकारी के लिए एक माड्यूल तैयार किया है जिसे उनके प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल कर लिया गया है।

(ख) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने राज्य सरकारों और संघ राज्य–क्षेत्रों को सलाह दी है कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में थानों में मुस्लिम पुलिस कार्मिक तथा मुस्लिम स्वास्थ्य कार्यकर्ता और शिक्षकों की तैनाती करें।

4.7 गृह मंत्रालय :

(क) परिसीमन अधिनियम की समीक्षा के लिए गठित उच्च शक्तिप्राप्त समिति ने सच्चर समिति की रिपोर्ट में व्यक्त चिंताओं पर विचार किया है तथा अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

(ख) साम्प्रदायिक सद्भाव पर संशोधित दिशा–निर्देश जारी किया गया है। साम्प्रदायिक हिंसा (निवारण, नियंत्रण और प्रभावितों का पुनर्वास) विधेयक, 2005 राज्य सभा में प्रस्तुत किया गया है।

4.8 शहरी कार्य मंत्रालय और आवास तथा निर्धनता उन्मूलन मंत्रालय :

जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम), लघु एवं मध्यम नगरों में शहरी अवसंरचना विकास की योजना (यूआईडीएसएसएमटी), समेकित आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के तहत अल्पसंख्यक बहुल नगरों और शहरों में धनराशि के प्रवाह के आवश्यक उपाय किए गए हैं ताकि ऐसे नगरों से संबंधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में अल्पसंख्यकों के लिए पर्याप्त प्रावधान शामिल हो।

(क) यू आई डी एस एस एम टी के अंतर्गत ₹ 2620.31 करोड़ अल्पसख्यक बहुल 108 नगरों के लिए स्वीकृत किये गये हैं।

(ख) आई०एच०एस०डी०पी० के तहत ₹ 1817.38 करोड़ लागत की परियोजनायें 131 अल्पसख्यक बहुल आबादी वाले नगरों के लिए हैं।

(ग) उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, लक्षदीप, पुडूचेरी और केरल राज्य सरकारों को वक्फ बोर्ड परिसंपत्तियों पर किराया नियंत्रण अधिनियम से छूट दी गई है।

4.9 श्रम और रोजगार मंत्रालय :

असंगठित क्षेत्र में, जिसमें अन्य के साथ–साथ गृह आधारित कामगार शामिल हैं, कामगारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए संसद द्वारा एक विधेयक पारित किया गया है।

4.10 संस्कृति मंत्रालय :

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन आने वाले वक्फों की सूची की समीक्षा के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मण्डलों की राज्य वक्फ बोर्डों के साथ बैठक हो चुकी है।

4.11 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय :

अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से जुड़ी योजनाओं से संबंधित सूचनाओं का प्रचार–प्रसार क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा है।

4.12 पंचायती राज मंत्रालय :

पंचायती राज मंत्रालय तथा शहरी विकास मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों को स्थानीय निकायों में अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व की स्थिति में सुधार लाने की सलाह दी गई है।

4.13 सूचना और प्रसारण मंत्रालय :

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2008–09 में एक मल्टीमीडिया अभियान चलाया गया था। इसके अतिरिक्त, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा भी वर्ष 2010–11 में मल्टीमीडिया अभियान चलाया गया था।

अध्याय–5

अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) की पहचान

5.1 वर्ष 1987 में वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर किसी जिले में 20 प्रतिशत अथवा इससे अधिक की आबादी मात्र के एकल मानदंड के आधार पर अल्पसंख्यक बहुल 41 जिलों की सूची तैयार की गई थी ताकि इन जिलों पर सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं पर विशेष बल दिया जा सके।

5.2 सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ समाज के पिछड़े वर्गों तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया था कि वर्ष 2001 की अल्पसंख्यक जनगणना और पिछड़ेपन के मानदंडों के आधार पर जिलों की पहचान की गई। इसलिए वर्ष 2001 की जनगणना में पिछड़ेपन के मानकों तथा जनसंख्या संबंधी आंकड़ों के आधार पर नए सिरे से कार्य किया गया :

(क) जिला स्तर पर धर्म–विशिष्ट सामाजिक–आर्थिक संकेतक :

(i) साक्षरता दर;

(ii) महिला साक्षरता दर;

(iii) कार्य में भागीदारी दर; और

(iv) महिलाओं द्वारा कार्य में भागीदारी दर

(ख) जिला स्तर पर आधारभूत सुविधा संकेतक –

(i) पक्की दीवार वाले मकानों की प्रतिशतता;

(ii) स्वच्छ पेयजल वाले मकानों की प्रतिशतता;

(iii) विद्युत सुविधा वाले मकानों की प्रतिशतता; और

(iv) वाटर क्लोजेट लैट्रीन सुविधा वाले मकानों की प्रतिशतता

5.3 यद्यपि, समग्र साक्षरता और कार्य भागीदारी दर में महिला साक्षरता और कार्य भागीदारी को शामिल किया गया है, फिर भी इन पर अलग–अलग विचार किया जाना महत्त्वपूर्ण होगा, क्योंकि ये विकास स्तर मुख्यतः लिंग भागीदारी के स्वतंत्र संकेतक का निर्माण करती है।

5.4 अल्पसंख्यक बहुल जिलों की पहचान का कार्य इस प्रकार किया गया है :–

(i) (क) 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल आबादी के कम से कम 25% अल्पसंख्यक आबादी वाले जिलों की पहचान की गई।

(ख) 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5 लाख से अधिक अल्पसंख्यक आबादी वाले जिलों और 20% से अधिक किन्तु 25% से कम अल्पसंख्यक आबादी वाले जिलों की पहचान की गई।

(ग) अल्पसंख्यक समुदाय की बहुलता वाले 6 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में उन जिलों की पहचान की गई जिनमें अल्पसंख्यक आबादी 15% तक है तथा अल्पसंख्यक समुदाय बहुलता में है, किन्तु वे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अल्पसंख्यक समुदाय की दृष्टि से बहुसंख्यक हैं।

(ii) इसके बाद, "पिछड़ेपन" के संदर्भ में इन जिलों की स्थिति का मूल्यांकन सामाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा संकेतकों के दो मानकों को ध्यान में रखकर किया गया। वर्ष 2007 में वर्ष 2001 की जनगणना में पिछड़ेपन के मानकों और जनसंख्या संबंधी आंकड़ों के आधार पर अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों, जहां अल्पसंख्यकों की अच्छी खासी आबादी है तथा जो सामाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा संकेतक की दृष्टि से राष्ट्रीय औसत से नीचे और अपेक्षाकृत पिछड़े हैं, की पहचान की गई। अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों में से 53 जिलों को "ए" श्रेणी में रखा गया है। "ए" श्रेणी के जिले सामाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा मानक दोनों दृष्टि से पिछड़े हैं। शेष 37 जिले "बी" श्रेणी में हैं जिनमें से 20 जिले सामाजिक–आर्थिक मानदंड की दृष्टि से और 17 जिले आधारभूत सुविधा मानदंड की दृष्टि से पिछड़े हैं। इन्हें क्रमशः उपश्रेणी "बी1" और "बी2" में रखा गया है। इन जिलों की सूची **अनुलग्नक**–IV **(क), IV (ख) और IV (ग)** में है।

5.5 अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले 90 जिलों की पहचान को अनुमोदित करते समय सरकार ने विशेष क्षेत्र विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए निर्देश दिया है।

5.6 इन जिलों में अपर्याप्त विकास के निर्धारण के लिए भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली को आधारभूत सर्वेक्षण करने का कार्य सौंपा गया है। सर्वेक्षण कार्य आईसीएसएसआर, नई दिल्ली से सम्बद्ध अनुसंधान संस्थानों द्वारा किया गया है।

अध्याय–6

बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की योजना (एमएसडीपी)

6.1 इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए आधारभूत सुविधा के सामाजिक–आर्थिक मानदंडों में सुधार लाना तथा ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अल्पसंख्यक बहुल जिलों में असंतुलन को कम करना है। अभिनिर्धारित "अपर्याप्त विकास" की समस्या का समाधान जिला विशिष्ट योजनाओं के माध्यम से स्कूल और माध्यमिक शिक्षा, स्वच्छता, पक्के मकानों, पेयजल और विद्युत आपूर्ति के लिए बेहतर अवसंरचना के प्रावधान के साथ–साथ आय सृजक गतिविधियों के लिए लाभार्थी उन्मुख योजनाओं के माध्यम से किया जाएगा। विकास प्रक्रिया को गति देते हुए आय सृजक गतिविधियों और जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अपेक्षित सम्पर्क सड़क, आधारभूत स्वास्थ्य अवसंरचना, समन्वित बाल विकास सेवा केन्द्र, कौशल विकास और विपणन सुविधा आदि जैसे नितांत आवश्यक और अवसंरचना श्रृंखला को योजना के तहत शामिल किया जा सकेगा। कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों के ग्रामीण और अर्द्धग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा।

6.2 कार्यक्रम का कार्यान्वयन राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में अल्पसंख्यक कार्य/कल्याण कार्य से जुड़े विभाग द्वारा लाइन विभागों/एजेंसियों को सौंपी गई परियोजनाओं के माध्यम से किया जाएगा। बहुक्षेत्रीय विकास योजना के कार्यान्वयन के लिए जहां कहीं तंत्र स्थापित है, पंचायती राज संस्थाओं/शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया जाएगा। तथापि, राज्य यह निर्णय ले सकता है कि परियोजना का संचालन अर्हता प्राप्त, ख्याति प्राप्त और अनुभव प्राप्त एजेंसी के साथ–साथ विख्यात एवं स्वीकार्य गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से कराए, जिसके औचित्य से संबंधित विवरण का उल्लेख प्रस्ताव में किया जाएगा।

6.3 इस कार्यक्रम के तहत नए पदों के सृजन की कड़ाई से मनाही है। राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन की यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी कि कार्यक्रम के तहत सृजन हेतु प्रस्तावित परिसंपत्तियों के संचालन के लिए अपेक्षित स्टाफ या तो पहले से उपलब्ध हो या उनके द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

6.4 कथित जिले में कार्यान्वित किसी भी केन्द्रीय अथवा केन्द्र प्रायोजित योजना के दिशा–निर्देशों में कोई बदलाव नहीं होगा, जिसके लिए यह योजना अतिरिक्त धन उपलब्ध कराएगी। जहां तक संभव होगा कार्यक्रम के तहत उपयुक्त सामाजिक–आर्थिक अवसंरचना उपलब्ध कराने पर बल दिया जाएगा न कि व्यक्तिगत लाभार्थी को लक्षित किया जाएगा। यदि कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए योजनाओं को शुरू किया जाता है तो जिले में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की सूची से लाभार्थियों के चयन हेतु वर्तमान मानकों का कड़ाई से अनुपालन करना होगा ताकि अतिरिक्त धनराशि से गरीबी रेखा से नीचे के सभी परिवारों को लाभ हो, न कि केवल चयनित अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों को। किसी जिले की बहु–क्षेत्रीय जिला विकास योजना की तैयारी इस ढंग से की जाएगी कि इन जिलों को 11वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम में शामिल योजनाओं में स्थान दिया जा सके।

6.5 इन जिलों में 'अपर्याप्त विकास' के निर्धारण के लिए भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली को आधारभूत सर्वेक्षण करने का कार्य सौंपा गया है। सर्वेक्षण कार्य आईसीएसएसआर, नई दिल्ली से सम्बद्ध अनुसंधान संस्थानों द्वारा किया गया है। किसी जिले की बहु–क्षेत्रीय जिला विकास योजना की तैयारी इस ढंग से की जाएगी कि इन जिलों को 11वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम में शामिल योजनाओं में स्थान दिया जा सके।

6.6 सम्बद्ध राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन को वित्तीय सहायता उपयुक्त किश्तों में 100ः अनुदान आधार पर दी जाएगी जो स्वीकृत बहुक्षेत्रीय विकास योजना के अनुसार की गई संतोषजनक प्रगति से जुड़ी होगी। कार्यक्रम के तहत धनराशि राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को केवल स्वीकृत जिला विकास योजनाओं के आधार पर जारी की जाएगी। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा सहायता प्रदान करने हेतु एक बार प्रस्ताव के अनुमोदित हो जाने पर पहली किश्त जारी की जाएगी। धनराशि का जारी किया जाना राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासनों से मिली निम्नलिखित प्रतिबद्धताओं पर आधारित होगा :–

(क) अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया जाना, यदि गठन नहीं हुआ है तो ।

(ख) अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाना, यदि गठन नहीं हुआ है तो ।

(ग) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में एक विभाग को अधिसूचित किया जाना जो अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी योजनाओं की स्पष्ट जिम्मेदारी का निर्वहन कर सके।

(घ) उस विभाग में एक ऐसे प्रकोष्ठ का गठन किया जाना जो विशेषकर इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन, उसकी निगरानी, रिर्पोटिंग और मूल्यांकन कर सके। यह प्रकोष्ठ सूचना प्रोद्योगिकी संबंधी सुविधाओं से सज्जित होगा।

(ड.) यह सुनिश्चित करना कि अल्पसंख्यक बहुल जिलों के लिए उपलब्ध करायी गई निधि इन जिलों के लिए अतिरिक्त संसाधन है जो जिलों में पहले से प्रदत्त राज्य सरकारों की निधियों का स्थान नहीं ले सकती। अल्पसंख्यक बहुल जिलों से निधियों के विचलन को रोकने के लिए सम्बद्ध जिलों में पिछले वर्ष प्रदत्त निधि को बेंचमार्क के तौर पर लिया जाएगा।

(च) इस बात से सहमत होना कि ऐसी केन्द्रीय योजनाओं/कार्यक्रमों में राज्य के हिस्से की धनराशि जिले की अपेक्षा अनुसार उपलब्ध कराना जिन्हें अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है।

(छ) इस बात से सहमत होना कि इस कार्यक्रम के तहत सृजित वास्तविक संपत्तियों का संचालन और उनका रख–रखाव किया जाएगा।

निगरानी तंत्र

6.7 अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति तथा उपायुक्त/क्लेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति इस कार्यक्रम के लिए समितियों के रूप में कार्य करेगी। जिला स्तरीय समिति अल्पसंख्यक बहुल जिलों के लिए विकास योजना तैयार करेगी। जिला और राज्य स्तरीय दोनों समितियां यह सुनिश्चित करेंगी कि योजनाओं का कोई दोहरीकरण नहीं है, निधि का विचलन नहीं है तथा निधि का स्तर पिछले वर्ष की तुलना में कम नहीं है और इस कार्यक्रम की धनराशि योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए पर्याप्त है।

6.8 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में 'एमएसडीपी शक्ति प्रदत्त समिति' बहु–क्षेत्रीय विकास योजनाओं के तहत परियोजनाओं का आकलन, उनकी अनुशंसा और उन्हें स्वीकृति प्रदान करेगी। शक्तिप्रदत्त समिति केन्द्र स्तर पर निगरानी समिति के रूप में भी कार्य करेगी तथा कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी करेगी।

अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति भी कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर निगरानी समिति का कार्य करेगी।

कार्यान्वयन की स्थिति

6.9 बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम वर्ष 2008–09 में शुरू किया गया था। अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों में से 89 जिलों से संबंधित योजनाओं पर विचार किया गया तथा 41 जिलों की योजनाओं को पूर्णतः तथा 48 जिलों की योजनाओं को आंशिक स्वीकृति प्रदान की गई। असम में कोकराझार जिले की एक योजना की प्रतिक्षा है, क्योंकि मामला कानूनी प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2008–09 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2010 तक ₹ 1829.21 करोड़ की राशि जारी की गयी है। वर्ष 2010–11 के दौरान 31 दिसम्बर, 2010 तक राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को ₹ 585.34 करोड़ की राशि जारी की गई है।



एम एस डी पी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला–सिरसा (हरियाणा) में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण

अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए अक्तूबर, 2008 से, जब पहली बार धनराशि जारी की गयी थी, बजटीय प्रावधान, जारी की गयी धनराशि और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा संसूचित व्यय के ब्यौरे नीचे की सारणी में दिए गए

(करोड़ ₹ में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	मंत्रालय द्वारा वस्तुतः जारी धनराशि	राज्यों/संघ राज्यों द्वारा संसूचित व्यय	व्यय का प्रतिशतत
2008-09	540	280	270.85	268.25	99.04
2009-10	990	990	972.43	484.99	49.87
2010-11 (31 दिसम्बर, 2010 तक)	1400	-	585.34	2.63	0.44
योग			1828.62	755.87	41.34

गठन के समय से (31 दिसम्बर, 2010) तक स्वीकृत और जारी धनराशि के ब्यौरे **अनुलग्नक**–V में हैं।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से कार्यक्रम के तहत यह अपेक्षित होता है कि वे पहले जारी धनराशि के माध्यम से पूरा कर चुके और चालू कार्यों के फोटोग्राफ अगली किश्त जारी किए जाने हेतु अनुरोध करते समय मंत্রालय को प्रस्तुत करें। असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, उड़ीसा राज्यों के अल्पसंख्यक बहुल जिलों की पूर्ण हो चुकी और चालू परियोजनाओं के फोटोग्राफ प्राप्त हो गए हैं, जिन्हें मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

एम एस डी पी कार्यक्रम के अन्तर्गत दुब्राजपुर, वीरभूम जिला (पश्चिम बंगाल) में निर्मित जन स्वास्थ्य केन्द्र।

अध्याय–7

मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना

7.1 अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना को 30 जनवरी, 2008 को स्वीकृति मिली थी। यह योजना 1 अप्रैल, 2008 से केन्द्र और राज्य के मध्य 75:25 के अनुपात में वित्तीय भागीदारी से एक केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में शुरू की गई थी जिसका कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से होता है। मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पात्र छात्रों को पिछली अंतिम परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए होने चाहिए तथा उनके माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय ₹ 1.00 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

7.2 ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007–12) के दौरान 25 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान करने हेतु ₹ 1400 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। इनमें से 30% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। वर्ष 2010–11 (31.12.2011 तक) के दौरान ₹ 343.34 करोड़ की राशि जारी की गई तथा 34.05 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। इनमें से 47.47 प्रतिशत छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए थीं।

7.3 वर्ष 2009–10 के दौरान 17.29 लाख छात्रवृत्तियों की वार्षिक उपलब्धि की तुलना में 31 दिसम्बर, 2010 तक 34.05 लाख छात्रवृत्तियों की उपलब्धि महत्वपूर्ण रूप से अधिक है। राज्य–वार/समुदाय–वार वास्तविक एवं वित्तीय उपलब्धियां **अनुलग्नक**–VI पर दी गयी हैं।

7.4 मंत्रालय का यह सतत प्रयास रहा है कि मैट्रिक–पूर्व, मैट्रिकोत्तर और मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजनाओं में पारदर्शिता की स्थिति में सुधार लाया जाए। इस प्रयोजन से मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रत्येक छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों को अपलोड कर दिया गया है। इसी प्रकार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रदान की गयी छात्रवृत्तियों की सूची को उनकी वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वेबसाइटों को मंत्रालय की वेबसाइट www.minorityaffairs.gov.in से जोड़ा गया है। मंत्रालय की वेबसाइट पर सूचनाओं को नियमित तौर पर अद्यतन किया जाता है। छात्रों की सहायतार्थ एक हेल्पलाइन दूरभाष नं0 24363282 की व्यवस्था की गयी है, जो कार्य दिवसों के दिन कार्य करता है।

अध्याय–8

मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना

8.1 अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत नवम्बर, 2007 में 100% केन्द्रीय सहायता से केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में हुई थी जिसका कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से होता है। यह छात्रवृत्ति केवल भारत में अध्ययन के लिए सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल/कॉलेज तथा आवासीय सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल/कॉलेज तथा सम्बद्ध राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन द्वारा पारदर्शी ढंग से अधिसूचित चुनिंदा एवं पात्र निजी संस्थानों में अध्ययन के लिए दी जाती है। पिछली अंतिम परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए ऐसे छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं जिनके माता–पिता/संरक्षकों की वार्षिक आय ₹ 2 लाख से अधिक न हो। 30% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित होती हैं। यदि पर्याप्त संख्या में छात्राएं उपलब्ध नहीं है तो इन्हें पात्र छात्रों को दे दी जाती है।

8.2 योजनावधि (2007–12) के दौरान 15 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना हेतु ₹ 1150 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। इनमें से 30% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। वर्ष 2010–11 (31.12.2010 तक) के दौरान ₹ 184.24 करोड़ राशि जारी की गयी और 4.20 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान की गयीं। इनमें से 51% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए थीं।

8.3 वर्ष 2009–10 के दौरान 3.64 लाख छात्रवृत्तियों की वार्षिक उपलब्धि की तुलना में दिसम्बर, 2010 तक 4.20 लाख छात्रवृत्तियों की उपलब्धि महत्वपूर्ण रूप से अधिक है।

8.4 वास्तविक एवं वित्तीय उपलब्धियों के राज्य–वार और समुदाय–वार ब्यौरे **अनुलग्नक**–VII पर हैं।

अध्याय–9

मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना

9.1 यह योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जो वर्ष 2007 में शुरू की गयी थी। इसका कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से किया जा रहा है। इसका सम्पूर्ण व्यय केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। उपयुक्त प्राधिकरण से मान्यता–प्राप्त संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वालों को छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्तियों के नवीकरण के अतिरिक्त 20 हजार छात्रवृत्तियां प्रदान करने का प्रस्ताव है।

9.2 छात्रवृत्तियों में 30 प्रतिशत छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। पर्याप्त संख्या में पात्र छात्राओं के अनुपलब्ध होने पर इनका उपयोग छात्रों द्वारा किया जा सकता है।

9.3 इस योजना में व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए 70 संस्थानों को सूचीबद्ध किया गया है। इन संस्थानों में प्रवेश प्राप्त अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र छात्रों को पूरे पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है। अन्य संस्थानों में अध्ययन कर रहे छात्रों को ₹ 20 हजार वार्षिक की दर से पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है।

9.4 छात्रवृत्ति प्राप्ति के लिए पात्रता यह है कि छात्र को उपयुक्त प्राधिकरण से मान्यताप्राप्त किसी भी तकनीकी अथवा व्यावसायिक संस्थान में प्रवेश लिया हुआ होना चाहिए। यदि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा दिए बिना प्रवेश मिल गया हो, तो उन्हें 50 प्रतिशत से कम अंक अर्जित किया हुआ नहीं होना चाहिए। परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय ₹ 2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

9.5 इस योजना की शुरूआत के समय से दिसम्बर, 2010 तक वास्तविक और वित्तीय दृष्टि से उपलब्धि इस प्रकार रही है –

वर्ष	लक्ष्य	वास्तविक रूप से स्वीकृत छात्रवृत्तियों की संख्या				धनराशि (करोड़ ₹ में)
		नई	नवीकरण	योग	छात्राओं को दी गई छात्रवृत्तियां (%)	
2007-08* (शुरू)	20,000	17258	0	17258	5009(29.02%)	40.90
2008-09*	20,000+ नवीकरण	17099	9096	26195	8660(33.06%)	64.73
2009-10*	20,000+ नवीकरण	19285	16697	35982	11684(32.47%)	97.43
2010-11*	20,000+ नवीकरण	18505	18427	36932	12370(33.49%)	97.22

* राज्य–वार/समुदाय–वार उपलब्धि के ब्यौरे **अनुलग्नक**–VIII में हैं।

9.6 इस वर्ष अर्थात् 2010–11 के दौरान इस छात्रवृत्ति योजना का विस्तार 32 राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों तक है, जबकि पिछले तीन वर्ष के दौरान इस योजना का विस्तार क्रमशः 28 (2007–08), 29 (2008–09) और 31 (2009–10) राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों तक था।

9.7 यह मंत्रालय वर्ष 2011–12 से मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के रूप में आनलाइन स्कालरशिप मैनेजमेंट सिस्टम (ओएसएमएस) शुरू करना चाहता है। यह सिस्टम जब सफल हो जाएगा तो इसे अन्य स्कालरशिप योजनाओं में भी लागू किया जाएगा।

9 नवम्बर, 2010 को सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संपन्न हुई बैठक में साफ्टवेयर की विस्तृत विशेषताओं के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया गया। राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों से आये बैठक में उपस्थित सहभागियों ने मैनुअल सिस्टम से आनलाइन सिस्टम में प्रस्तावित शुरूआत के विचार का स्वागत किया।

साफ्टवेयर विकसित करने के लिए एनआईसी को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। यह सुनिश्चित करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं कि मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आवेदन–पत्र आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन देने के समय साफ्टवेयर बन कर तैयार हो जाए।

अध्याय–10

कोचिंग एवं सम्बद्ध सहायता की योजना

10.1 अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थियों के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से स्थानांतरित "निःशुल्क कोचिंग एवं सम्बद्ध योजना" नामक योजना को संशोधित कर जुलाई, 2007 में आरम्भ किया गया है। योजना को 16.10.2008 से पुनः संशोधित किया गया। यह एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे केन्द्र से शत–प्रतिशत सहायता प्राप्त होती है तथा मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों या सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों से अनुशंसित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

10.2 इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों और अभ्यर्थियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करना है ताकि वे सरकारी क्षेत्र/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकें तथा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ख्याति प्राप्त संस्थानों में प्रवेश पा सकें तथा पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए इन संस्थानों में सुधारात्मक कोचिंग प्राप्त कर सकें।

10.3 छात्रों/अभ्यर्थियों को अल्पसंख्यक समुदाय का होना चाहिए। उनके माता–पिता/अभिभावकों की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹ 2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। छात्रों/अभ्यर्थियों के पास अपेक्षित शैक्षिक योग्यता और कोचिंग पाठ्यक्रमों के लिए निष्पादन क्षमता होनी चाहिए।

10.4 कोचिंग के प्रकार और प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का ब्यौरा नीचे तालिका में हैः–

क्र. सं.	कोचिंग के प्रकार	कोचिंग संस्थानों के लिए कोचिंग शुल्क	छात्रों/अभ्यर्थियों के लिए वृत्तिका राशि
	I	II	III
1.	ग्रुप 'क' सेवाएं	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹ 20,000	बाहरी अभ्यर्थियों के लिए ₹ 1500 और स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए ₹ 750
2.	ग्रुप 'ख' सेवाएं	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹ 15,000	–– तदैव ––
3.	ग्रुप 'ग' सेवाएं	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹ 10,000	–– तदैव ––
4.	तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹ 20,000	–– तदैव ––
5.	निजी क्षेत्र में नौकरियों के लिए कोचिंग	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹ 20,000	–– तदैव –

क्र. सं.	कोचिंग के प्रकार	कोचिंग संस्थानों के लिए कोचिंग शुल्क	छात्रों/अभ्यर्थियों के लिए वृत्तिका राशि
	I	II	III
6.	तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के लिए सुधारात्मक कोचिंग/शिक्षण	तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को अतिरिक्त ट्यूशन कक्षाओं के लिए संस्थान द्वारा यथाप्रभारित	लागू नहीं
7.	रेलवे तथा पुलिस/सुरक्षा बलों में आरक्षी और समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए कोचिंग (अधिकतम पाँच दिन की अवधि के लिए)	समिति द्वारा निर्धारित और संस्थान द्वारा यथाप्रस्तावित सामान्य दर पर	बाहरी अभ्यर्थियों के लिए ₹ 100/– और स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए ₹ 50/–

10.5 ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007–12) में 20,000 छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिए ₹ 45 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2010–11 (31.12.2010 तक) के दौरान 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 19 संस्थानों को 4725 छात्रों को कोचिंग देने के लिए ₹ 11.06 करोड़ की राशि जारी की गयी।

अध्याय–11

प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन की योजना

11.1 प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन की केन्द्रीय क्षेत्र की योजना नवम्बर, 2007 में शुरू की गई थी जिसके तहत संस्थानों/संगठनों को अल्पसंख्यकों की समस्याओं/अपेक्षाओं से संबंधित उद्देश्यपरक अध्ययन करने के साथ–साथ योजना की समवर्ती निगरानी और सर्वेक्षण करने के लिए व्यावसायिक प्रभार प्रदान किया जाता है।

11.2 योजना के तहत अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में जागरूकता लाने हेतु सूचनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए समाचार–पत्र, आकाशवाणी और टेलीविजन के माध्यम से मल्टीमीडिया अभियान का प्रावधान है।

11.3 योजना के तहत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के मध्य 4 दिसम्बर, 2009 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन के अनुसार राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद इस मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की निगरानी/मूल्यांकन का कार्य 150 राष्ट्रीय स्तर के मॉनीटरों की नियुक्ति के माध्यम से करेगा और समझौता ज्ञापन की अवधि विस्तार की प्रक्रिया चल रही है।

11.4 भारतीय लोक प्रशासन संस्थान को रेल मंत्रालय और डाक विभाग में अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व संबंधी विशेष अध्ययन करने का कार्य सौंपा गया है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान से रिपोर्ट प्रतीक्षित है।

11.5 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय क्षरा संचालित स्कालरशिप योजनाओं के संबंध में मूल्यांकन अध्ययन करने का कार्य भारतीय समाज–विज्ञान अनुसंधान परिशद (आई सी एस एस आर) को दिया गया है। 20 राज्यों में 24 जिलों के लिए बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के संबंध में अध्ययन करने का कार्य भी आई सी एस एस आर द्वारा किया जाएगा।

प्रचार–प्रसार और मीडिया अभियान

11.6 श्रव्य एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डी ए वी पी) के सहयोग से एक वार्षिक मीडिया प्लान तैयार किया गया था तथा वर्ष 2010–11 के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा मल्टीमीडिया अभियान चलाया गया था। मंत्रालय की छात्रवृत्ति योजनाओं, निःशुल्क कोचिंग तथा सामाजिक आमेलन विषय पर डी ए वी पी के माध्यम से वर्ष 2010–11 में (31.12.2010 तक) देश भर में अंग्रेजी में 194, हिन्दी में 631, उर्दू के राष्ट्रीय समाचारों में 495 और स्थानीय भाषा के सामाचार–पत्रों में 473 विज्ञापन प्रकाशित कराए गए। आकाशवाणी के

राष्ट्रीय समाचारों, विविध भारती, एफएम और क्षेत्रीय समाचार चैनलों पर हिन्दी और स्थानीय भाषा में रेडियो जिंगल्स प्रसारित कराए गए। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन के राष्ट्रीय नेटवर्क (डीडी–1) और दूरदर्शन के क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से टेलीविजन कामर्शियल जिंगल्स भी प्रसारित कराए गए।

22 जुलाई, 2010 को अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री, श्री सलमान खुर्शीद संसद सदस्यों से बातचीत करते हुए।

अध्याय–12

पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन

12.1 मंत्रालय को वर्ष 2010–11 के बजट अनुमान में विभिन्न योजनागत स्कीमों के लिए ₹ 2600 करोड़ आबंटित किए गए हैं, जिसे वर्ष 2010–11 के संशोधित अनुमान में घटाकर ₹ 2500 करोड़ कर दिया गया है।

पूर्वोत्तर राज्यों तथा सिक्किम के लिए योजना–वार निर्धारित धनराशि के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :–

क्रम सं.	योजना का नाम	निर्धारित राशि (₹ करोड़ में)	
		बजट अनुमान 2010–11	संशांधित अनुमान 2010–11
1.	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम	11.50	11.50
2.	अल्पसंख्यकों के लिए निःशुल्क कोचिंग और सम्बद्ध योजना	1.50	1.50
3.	प्रचार सहित विकास योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन निगरानी और मूल्यांकन की योजना	0.50	0.50
4.	राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को सहायता अनुदान	0.40	0.40
5.	व्यावसायिक तथा तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मैरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति	13.50	13.50
6.	अल्पसंख्यक बहुल 90 चुनिन्दा जिलों में अल्पसंख्यकों के लिए बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम	154.30	148.03
7.	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना	45.00	45.00
8.	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना	26.50	26.50
9.	अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	3.00	3.00
10.	अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास की योजना	1.50	0.01
11.	राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण	1.30	0.02
12.*	राज्य वक्फ बोर्डों को सशक्त बनाना	0.70	0.02
13.*	अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को विदेश में अध्ययन के लिए शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी	0.20	0.01
14.*	भाषाजात अल्पसंख्यकों के लिए संवर्धनात्मक क्रियाकलाप	0.10	0.01
	योग	260.00	250.00

12.2 गठन के समय से लेकर 31 दिसम्बर, 2010 तक के दौरान मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान द्वारा देश भर में 998 गैर–सरकारी संगठनों को कुल ₹ 130.67 करोड़ की वित्तीय सहायता में से पूर्वोत्तर राज्यों में 29 गैर–सरकारी संगठनों को ₹ 4.56 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किया गया।

12.3 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एंव वित्त निगम द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में रहने वाले अल्पसंख्यकों को ऋण की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एंव वित्त निगम की योजनाओं का संचालन अरूणाचल प्रदेश, मेघालय और सिक्किम राज्यों को छोड़कर शेष पूर्वोत्तर राज्यों में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से होता है। सावधि और माइक्रो ऋण योजनाओं के तहत 31 दिसम्बर, 2010 तक पूरे देश में अल्पसंख्यकों को दिए गए ₹ 1557.11 करोड़ के ऋण में से पूर्वोत्तर राज्यों का हिस्सा ₹ 114.52 करोड़ (7.35%) रहा, जो 35990 लाभार्थियों के लिए था। वर्ष 2010–11 में कुल ₹ 282.62 करोड़ के आबंटन में से ₹ 20.47 करोड़ (7.24%) का आबंटन पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए किया गया है तथा 31 दिसम्बर, 2010 तक ₹ 3.30 करोड़ की राशि जारी की गई है।

अध्याय–13

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को सहायता–अनुदान की योजना

13.1 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम अपनी योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के माध्यम से करता है। ये एजेंसियां सम्बद्ध राज्य सरकारों द्वारा पदनामित हैं जो लाभार्थियों की पहचान/ऋणों को सूत्रबद्ध और लाभार्थियों से वसूली का कार्य करती हैं। तथापि, अधिकांश राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों की अवसंरचना बहुत कमजोर है जिस कारण उनकी वितरण प्रणाली भी कमजोर है। फलस्वरूप, एनएमडीएफसी के कार्य का विस्तार और कार्य निष्पादन में सुधार तब तक नहीं हो सकता जब तक इन एजेंसियों की अवसंरचना में सुधार न लाया जाए।

13.2 मंत्रालय ने वर्ष 2007–08 के दौरान राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों की अवसंरचना की स्थिति में सुधार के लिए उन्हें सहायता अनुदान देने की योजना शुरू की थी। योजना के तहत 90% व्यय का वहन केन्द्र सरकार द्वारा और 10% व्यय का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाना होता है। वित्त वर्ष 2010–11 के लिए इस योजना हेतु स्वीकृत ₹ 4.00 करोड़ की राशि में से 31 दिसम्बर, 2010 तक ₹ 3.83 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है।

अध्याय–14

मंत्रालय की नई योजनाएं

राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों का कम्प्यूटीकरण स्कीम

14.1 वक्फ परिसंपत्ति पूरे देश भर में फैली है, किन्तु अधिकांश राज्यों में वक्फ परिसंपत्तियों का प्रभावी सर्वेक्षण नहीं कराया गया है। अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ योजनाओं के लिए पर्याप्त आय सुनिश्चित करने हेतु वक्फ परिसंपत्तियों को व्यापक रूप से विकसित करने की संभावनाएं हैं।

14.2 वक्फ से संबद्ध संयुक्त संसदीय समिति ने अपने नौवें प्रतिवेदन में राज्य वक्फ बोर्डों के रिकार्डों के कम्प्यूटरीकण की अनुशंसा की थी।

14.3 वक्फ भूमि के रिकार्डों के रख–रखाव को कारगर बनाने, सामाजिक लेखा परीक्षा और पारदर्शिता लाने तथा वक्फ बोर्डों के विभिन्न कार्यों/प्रक्रियाओं के कम्प्यूटरीकरण तथा वेबआधारित सिंगल सेंट्रलाइज्ड एप्लीकेशन विकसित करने की दृष्टि से केन्द्रीय वित्तीय सहायता से राज्य वक्फ बोर्डों, जम्मू कश्मीर सहित, के अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण की अनुशंसा वक्फ से संबद्ध संयुक्त संसदीय समिति द्वारा की गई थी। इस प्रस्ताव को 25 नवम्बर, 2009 को स्वीकृति मिली थी। वर्ष 2009–10 के बजट अनुमान में इस योजना के लिए ₹ 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

14.4 वक्फ परिसंपत्तियों के कम्प्यूटरीकरण और प्रबंधन की योजना के व्यापक उद्देश्य हैं, जो इस प्रकार हैं –

- परिसंपत्ति पंजीकरण प्रबंध
- मुतावली रिटर्न्स मैनेजमेंट
- परिसंपत्तियों को पट्टे पर दिए जाने संबंधी प्रबंध
- वाद निस्तारण प्रबंध
- प्रलेख आदान–प्रदान प्रबंध
- वक्फ परिसंपत्तियों की भौगोलिक सूचना प्रणाली संबंधी प्रबंध
- मस्जिदों, दरगाहों, कब्रिस्तानों, इमामों, मुआज्जिनों, विधवाओं, बालिका विवाहों, छात्रवृत्तियों, स्कूलों, अस्पतालों, औषधालयों, मुसाफिरखानों, कौशल विकास केन्द्रों आदि से संबंधित कोष प्रबंध
- शहरी वक्फ परिसंपत्तियों के विकास के लिए ऋण प्रबंध

14.5 कम्प्यूटरीकरण की योजना एक समान रूप से सभी 29 राज्य वक्फ बोर्डों तथा जम्मू कश्मीर जैसे अन्य वक्फ बोर्ड के लिए लागू होगी जिसके लिए धन उपलब्ध होने की स्थिति में वित्तीय सहायता हेतु विशेष अनुरोध किया जाएगा। वर्ष 2010–11 और वर्ष 2011–12 के दौरान दो वर्षों की अवधि के लिए परियोजना के तहत वक्फ बोर्डों द्वारा कुछ कम्प्यूटर कार्मिकों को भाड़े पर लेने तथा नई प्रणाली को स्थिर करने और वक्फ बोर्ड के कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए न्यूनतम वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रभावी कार्यान्वयन के लिए धनराशि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र अथवा उनके नामिती और राज्य वक्फ बोर्डों को सीधे जारी की जाएगी। उपयोगिता प्रमाण–पत्र संबद्ध राज्य सरकारों के माध्यम से व्यय कर लिए जाने के बाद वक्फ बोर्डों द्वारा भेजी जाएगी।

अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास की योजना

14.6 "अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास की योजना" नामक योजना मंत्रालय द्वारा 27.01.2010 से शुरू की गयी। इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। यह अल्पसंख्यक महिलाओं में सरकारी सिस्टम, बैंकों और सभी स्तर पर मध्यस्थों के साथ संपर्क करने के साधन, तकनीकी और जानकारी उपलब्ध कराकर उनमें विश्वास की भावना भरने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए है।

14.7 इस योजना में गैर–सरकारी संगठनों/संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं तक पहुंच बनाने के लिए नेतृत्व विकास प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने की परिकल्पना है।

27 जनवरी, 2010 को अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री, श्री सलमान खुर्शीद अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास योजना का शुभारंभ करते हुए।

अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति

14.8 इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों को एम०फिल० तथा पी०एचडी० जैसी उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने के लिए वित्तीय सहायता स्वरूप अध्येतावृत्ति प्रदान करने का है। इस योजना के तहत वे सभी विश्वविद्यालय और संस्थान शामिल होंगे जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 2(च) तथा धारा 3 के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू०जी०सी०) से मान्यता प्राप्त हो तथा इसका कार्यान्वयन अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से किया जाएगा। ये अध्येतावृत्ति यू०जी०सी० अध्येतावृत्ति की तर्ज पर होगीं तथा एम०फिल० तथा पी०एचडी० पाठ्यक्रमों में अनुसंधान करने वाले छात्रों को दी जाएगी। 30% अध्येतावृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित हैं।

अध्याय–15

आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक

15.1 राज्य पुनगर्ठन आयोग की सिफारिश के अनुसार संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1956 के परिणामस्वरूप, सविधान के अनुच्छेद 350–ख के प्रावधानों के अनुसरण में भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त के कार्यालय का गठन जुलाई, 1957 में हुआ था। अनुच्छेद 350–ख के अनुसार भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त का यह कर्तव्य होगा कि वे भारत में संविधान के अंतर्गत भाषायी अल्पसंख्यकों को प्रदत्त रक्षोपायों से संबंधित सभी मामलों की जांच करें और ऐसे अंतराल पर राष्ट्रपति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें जैसा की राष्ट्रपति निर्देश दें और राष्ट्रपति ऐसी सभी रिपोर्टों को संसद के प्रत्येक सदन में रखवाएंगे और इन्हें संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, सरकारों/प्रशासनों को भी भिजवाएंगे। भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त का मुख्यालय इलाहाबाद में है, जिसके साथ तीन क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता, बेलगांव और चैन्नई में हैं। भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त, इन अल्पसंख्यकों से संबंधित संवैधानिक उपबंधों और राष्ट्रीय स्तर पर तय सुरक्षापायों के क्रियान्वयन के संबंध में आयी शिकायतों के मामलों को निपटाते हैं और इन्हें राज्य सरकारों और संघ राज्य प्रशासनों के उच्चतम स्तर के राजनैतिक और प्रशासनिक समूहों की जानकारी में लातें हैं और उन पर सुधारात्मक कार्रवाई की सिफारिश करतें हैं। अभी तक भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त की 44 रिपोर्टों को संसद में पेश किया गया है।

15.2 भारत के संविधान के अंतर्गत भाषायी अल्पसंख्यकों को कुछ रक्षोपाय प्रदान किए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 में अल्पसंख्यकों को उनके हितों की रक्षा करने और उनकी भाषा, संस्कृति का संरक्षण करने का अधिकार तथा अपनी पसंद के शैक्षिक संस्थानों की स्थापना करने व उन्हें चलाने का अधिकार का प्रावधान है। अनुच्छेद 347 में किसी राज्य की जनसंख्या के एक वर्ग द्वारा बोली जाने वाली भाषा को उस राज्य में या उसके किसी भाग में ऐसे प्रयोजन के लिए शासकीय मान्यता देने हेतु राष्ट्रपति निदेश दे सकते हैं, जैसा वे निर्दिष्ट करें। अनुच्छेद 350, सरकार के किसी भी प्राधिकारी को अपनी शिकायत निवारण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रयोग की जानी वाली किसी भी भाषा में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 350–क में भाषायी अल्पसंख्यकों से संबंधित बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा मातृ भाषा में देने के लिए प्रावधान है। अनुच्छेद 350–ख में संविधान के तहत भाषायी अल्पसंख्यकों को प्रदान किए गए रक्षोपायों से संबंधित सभी मामलों की जांच पड़ताल करने के लिए एक विशेष अधिकारी का प्रावधान है।

15.3 भारत के भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को 45वीं और 46वीं रिर्पोट प्रस्तुत कर दी है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक के पद पर विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) श्री नंदलाल जोटवानी को नियुक्त कर दिया गया है, जिन्होंने 10 दिसम्बर, 2010 को कार्यभार संभाल लिया है।

15.4 भाषायी अल्पसंख्यक समूहों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें संवैधानिक रक्षोपाय प्रदान करने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध किया है कि भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए उपलब्ध सांविधिक रक्षोपायों का व्यापक प्रचार–प्रसार करें तथा आवश्यक प्रशासनिक उपाए करें। राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को भाषायी अल्पसंख्यकों के लिए रक्षोपायों की योजना के कार्यान्वयन को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया गया। आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक ने भाषा और संस्कृति के परिरक्षण के लिए सरकारी प्रयासों पर जोर देने के लिए 10 सूत्री कार्यक्रम आरम्भ किया।

15.5 मंत्रालय ने भाषायी अल्पसंख्यकों के लिए रक्षोपायों की योजना के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक रनिंग शील्ड तथा प्रमाण–पत्र प्रदान करने का प्रस्ताव किया है। विभिन्न स्तर पर प्रशासकों के मध्य संवेदनशीलता और जागरूकता लाने की दृष्टि से ऐसा प्रत्येक वर्ष किया जाएगा। पिछले वर्ष इस कार्य के लिए केरल को उसके उत्कृष्ट निष्पादन के लिए पुरस्कार दिया गया।

15.6 आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक ने 21 फरवरी, 2010 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया।

अध्याय–16

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

16.1 भारत सरकार ने जनवरी, 1978 में, अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए विशेष आदेश के माध्यम से ''अल्पसंख्यक आयोग'' गठित किया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के अधिनियमन के साथ ही अल्पसंख्यक आयोग एक सांविधिक निकाय बन गया और इसे ''राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग'' का नाम दिया गया।

16.2 पहले सांविधिक आयोग का गठन 17 मई 1993 को किया गया था। भारत सरकार ने 23 अक्तूबर 1993 की अधिसूचना के माध्यम से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2 (ग) के तहत पाँच धार्मिक समुदायों अर्थात मुसलमानों, इसाइयों, सिखों, बौद्धों तथा पारसियों को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित किया है।

16.3 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 3(2) के अनुसार आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और केन्द्र सरकार द्वारा ख्यातिप्राप्त और सामर्थ्यवान और सत्यनिश्ठा वाले व्यक्तियों में से नामित 5 सदस्य होंगे। परन्तु अध्यक्ष सहित सभी 5 सदस्य अल्पसंख्यक समुदाय से होंगे। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 4(1) के अनुसार अध्यक्ष सहित सभी सदस्य कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि तक पद पर बने रहेंगे।

16.4 आयोग के मुख्य कार्य अल्पसंख्यक वर्ग के विकास की प्रगति का मूल्यांकन करना, अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए संविधान में उपबंधित और केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों द्वारा अधिनियमित विधियों में दिए गए रक्षोपायों के कार्यकरण को मानीटर करना और अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों और रक्षोपायों से वंचित करने के संबंध में प्राप्त विशेश शिकायतों की जांच करना है। यह आयोग अल्पसंख्यक वर्ग के सामाजिक–आर्थिक और शैक्षिक विकास से संबंधित मुद्दों पर अध्ययन, अनुसंधान और विश्लेषण भी करता है और अल्पसंख्यकों के हितों के रक्षोपायों के प्रभावी कार्यान्वयन की अनुशंसा भी करता है।

16.5 वर्तमान आयोग का गठन निम्नलिखित व्यक्तियों को शामिल करके किया गया हैः–

1.	श्री वजाहत हबीबुल्लाह	अध्यक्ष
2.	डॉ एच टी संगलियाना	उपाध्यक्ष
3.	श्रीमती स्पालेस ऐंग्मों	सदस्य
4.	श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल	सदस्य
5.	श्री विनोद शर्मा	सदस्य
6.	सुश्री सईदा बिलग्रामी इमाम	सदस्य
7.	श्री केकी एन. दारूवाला	सदस्य

16.6 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 12 के अनुसार, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करता है और मंत्रालय को प्रस्तुत करता है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

अधिनियम, 1992 की धारा 13 के अनुसार, आयोग की वार्षिक रिपोर्ट और इसमें उल्लिखित केन्द्र सरकार से संबंधित सिफारिशों पर की गई कार्रवाई का ज्ञापन, इन सिफारिशों में से किसी सिफारिश को स्वीकार न किए जाने के कारणों सहित, यदि कोई हो, संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत की जानी होती है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 9 (3) के अनुसार विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों से संबंधित सिफारिशों को उन्हें आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जाता है।

16.7 31 दिसम्बर, 2010 तक तत्कालीन अल्पसंख्यक आयोग की 1978–79 से 1992–93 तक की चौदह (14) वार्षिक रिपोर्ट और सांविधिक आयोग की वर्ष 1993–94 से 2005–06 तक और 2007–08 की (14) रिपोर्टें संसद में प्रस्तुत की जा चुकी हैं। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की प्रथम तीन वार्षिक रिपोर्टों को इस मंत्रालय के गठन से पहले ही अनुवर्ती कार्रवाई ज्ञापन के साथ संसद के दोनों सदनों में रख दिया गया था। इस मंत्रालय के गठन के बाद की गई कार्रवाई ज्ञापन सहित 10 वार्षिक रिपोर्टों को उनमें की गई अनुशंसाओं के साथ वर्ष 2006–07 के दौरान संसद में रखा गया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की वर्ष 2006–07 की वार्षिक रिपोर्ट को संसद में प्रस्तुत करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है।

16.8 आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्य सरकारों ने सांविधिक राज्य अल्पसंख्यक आयोगों का गठन कर लिया है। मणिपुर और उत्तराखंड की राज्य सरकारों ने असांविधिक आयोगों का गठन किया है। मंत्रालय ने शेष राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों से इन आयोगों का गठन करने का अनुरोध किया है।

16.9 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के लिए दिसम्बर, 2004 को संविधान (एक सौ और तीसरा संशोधन) विधेयक, 2004 और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (निरसन) विधेयक, 2004 लोक सभा में प्रस्तुत किये गये। यह संसदीय स्थायी समिति को भेज दिया गया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह सिफारिश की है कि बाल पाटिल बनाम संघ सरकार के मामले में इसकी संपूर्ण स्तर में उच्चम न्यायालय द्वारा की गयी टिप्पणियों को सरकार संविधान एक सौ तीसरा (संशोधन) विधेयक, 2004 को अंतिम रूप देते समय ध्यान में रखे।

16.10 भारत के उच्चतम न्यायालय ने इस मामले के संबंध में दिनांक 08.08.2005 के अपने निर्णय में अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित निर्णय दिया है :–

"अधिनियम की धारा 2(ग) के अधीन 'अल्पसंख्यक' होने के जैनों के दावों के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा निर्णय लिये जाने के पूर्व अब इसकी पहचान राज्य आधार पर करनी है।"

उपर्युक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में स्थायी समिति की रिपोर्ट की जांच विधि और न्याय मंत्रालय सहित विभिन्न अन्य मंत्रालयों के परामर्श से की गयी। तत्पश्चात विधेयक का सरकारी तौर पर संशोधन तैयार किया गया। सरकारी संशोधनों को प्रस्तुत करने तथा इन विधेयकों पर विचार करने तथा उन्हें पारित करने की नोटिस प्रारंभिक तौर पर 11.05.2007 के लोक सभा में दी गयी। बजट सत्र, 2007 के समापन हो जाने से यह रद्द हो गया।

इसी बीच संविधान (एक सौ तीसरा संशोधन) विधेयक, 2004 के संबंध में प्रस्तावित सरकारी संशोधनों के संबंध में चिंता व्यक्त किये हुए कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए। इन अभ्यावेदनों की जांच विधि और न्याय मंत्रालय के परामर्श से की गयी। इन अभ्यावेदनों पर विचार करने तथा उन्हें पारित करने के लिए नोटिस एक बार फिर

लोक सभा को 05.2.2009 को दी गयी। तथापि, 14वीं लोक सभा भंग हो जाने से इस नोटिस पर कार्रवाई नहीं हो पायी और सरकारी संशोधनों सहित ये दोनों विधेयक रद्द हो गये।

16.11 बाल पाटिल मामले में याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की है। इसी बीच सितम्बर, 2010 में यह मामला उच्चतम न्यायालय के तीन जजों की खंडपीठ के समक्ष भेज दिया गया है। सभी वैधानिक मुद्दों की इस समय जांच की जा रही है।

अध्याय–17

वक्फ प्रशासन और केन्द्रीय वक्फ परिषद

17.1 यह मंत्रालय वक्फ अधिनियम, 1995 (पहले वक्फ अधिनियम, 1954) के प्रशासन के लिए उत्तरदायी है, जो 01 जनवरी, 1996 से लागू है। यह अधिनियम जम्मू व कश्मीर राज्य को छोड़कर पूरे भारत में लागू है। अधिनियम के अंतर्गत जम्मू–कश्मीर को छोड़कर जिसका अपना अधिनियम है, 29 राज्यों ने वक्फ बोर्ड स्थापित कर लिए हैं। राज्य वक्फ बोर्डों की सूची **अनुलग्नक**–IX के रूप में सलग्न है।

राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण की योजना

17.2 वक्फ परिसंपत्ति पूरे देश भर में फैली है, किन्तु अधिकांश राज्यों में वक्फ परिसंपत्तियों का प्रभावी सर्वेक्षण नहीं कराया गया है। अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ योजनाओं के लिए पर्याप्त आय सुनिश्चित करने हेतु वक्फ परिसंपत्तियों को व्यापक रूप से विकसित करने की संभावनाएं हैं।

17.3 वक्फ से संबद्ध संयुक्त संसदीय समिति ने अपने नौवें प्रतिवेदन में राज्य वक्फ बोर्डों के रिकार्डों के कम्प्यूटरीकण की अनुशंसा की थी।

17.4 वक्फ भूमि के रिकार्डों के रख–रखाव को कारगर बनाने, सामाजिक लेखा परीक्षा और पारदर्शिता लाने तथा वक्फ बोर्डों के विभिन्न कार्यों/प्रक्रियाओं के कम्प्यूटरीकरण तथा वेबआधारित सिंगल सेंट्रलाइज्ड एप्लीकेशन विकसित करने की दृष्टि से केन्द्रीय वित्तीय सहायता से राज्य वक्फ बोर्डों, जम्मू कश्मीर सहित, के अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण की अनुशंसा वक्फ से संबद्ध संयुक्त संसदीय समिति द्वारा की गई थी। इस प्रस्ताव को 25 नवम्बर, 2009 को स्वीकृति मिली थी।

17.5 वक्फ परिसंपत्तियों के कम्प्यूटरीकरण और प्रबंधन की योजना के व्यापक उद्देश्य हैं, जो इस प्रकार हैं –

- परिसंपत्ति पंजीकरण प्रबंध
- मुतावली रिटर्न्स मैनेजमेंट
- परिसंपत्तियों को पट्टे पर दिए जाने संबंधी प्रबंध
- वाद निस्तारण प्रबंध
- प्रलेख आदान–प्रदान प्रबंध
- वक्फ परिसंपत्तियों की भौगोलिक सूचना प्रणाली संबंधी प्रबंध
- मस्जिदों, दरगाहों, कब्रिस्तानों, इमामों, मुआज्जिनों, विधवाओं, बालिका विवाहों, छात्रवृत्तियों, स्कूलों, अस्पतालों, औषधालयों, मुसाफिरखानों, कौशल विकास केन्द्रों आदि से संबंधित कोष प्रबंध
- शहरी वक्फ परिसंपत्तियों के विकास के लिए ऋण प्रबंध

17.6 कम्प्यूटरीकरण की योजना एक समान रूप से सभी 29 राज्य वक्फ बोर्डों तथा जम्मू कश्मीर जैसे अन्य वक्फ बोर्ड के लिए लागू होगी, जिसके लिए निधि की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तपोषण के लिए विशेष अनुरोध किया जाएगा। दो वर्षों की अवधि के लिए इस परियोजना के कार्यों को वास्तविक रूप से संभालने के लिए राज्य वक्फ बोर्डों द्वारा कुछ कम्प्यूटर कार्मिकों को भाड़े पर लेने तथा नई प्रणाली को स्थिर करने और वक्फ बोर्डों के कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए उन्हें न्यूनतम वित्तीय सहायता दी जाएगी। बजट अनुमान वर्ष 2009–10 में इस योजना के लिए ₹ 10 करोड़ का प्रावधान किया गया था, जिसमें से ₹ 8.06 करोड़ की राशि उपयोग में लायी जा चुकी है। वर्ष 2009–10 के दौरान एन आई सी को ₹ 4.81 करोड़ और केन्द्रीय वक्फ परिषद सहित 11 राज्य वक्फ बोर्डों को सीधे ₹ 3.25 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। उपयोगिता प्रमाण–पत्र वक्फ बोर्डों द्वारा संबंधित राज्य सरकारों के माध्यम से व्यय के पश्चात भेजे जाऐंगे।

केन्द्रीय वक्फ परिषद

17.7 देश में वक्फ परिसंपत्तियों के समुचित प्रशासन और राज्य वक्फ बोर्डों की कार्यप्रणाली से जुड़े मुददों पर भारत सरकार को सलाह देने के प्रयोजन से वक्फ अधिनियम, 1954 की धारा 8–क (अब वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा–9 की उपधारा–1 पठित) के तहत दिसम्बर, 1964 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अधीन स्थापित केन्द्रीय वक्फ परिषद एक सांविधिक निकाय है। केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री केन्द्रीय वक्फ परिषद के पदेन अध्यक्ष हैं। पिछली परिषद की अवधि 17 मार्च, 2010 को समाप्त हो गयी। नई परिषद के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। वर्ष 2009–10 के लिए केन्द्रीय वक्फ परिषद की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखाओं को 25 नवम्बर, 2010 को लोक सभा में और 29 नवम्बर, 2010 को राज्य सभा में प्रस्तुत कर दिया गया है।

17.8 परिषद अपने उद्देश्यों के अनुसार मुददों को उठाने के साथ–साथ निम्नलिखित योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से समाज की विकास प्रक्रिया में भाग लेता आ रहा है :–

(i) शहरी वक्फ संपत्तियों के विकास की योजनाः

खाली पड़ी वक्फ भूमि को अतिक्रमणों से बचाने तथा इसके विकास के लिए अधिक से अधिक आय प्राप्त करने, ताकि वक्फ के कल्याण संबंधी कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा सके, को ध्यान में रखते हुए, परिशद इस योजना को 1974–75 से चला रही है और केन्द्र सरकार इसके लिए वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत देश के विभिन्न वक्फ संस्थानों को वक्फ भूमि पर आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य परियोजनाएं यथा वाणिज्यिक परिसर, मैरिज हॉल, अस्पताल, शीतसंग्रहागार आदि शुरू करने के लिए ऋण प्रदान किए जाते हैं। योजना के तहत भारत सरकार ने मंत्रालय के गठन के समय से मार्च 2010 तक कुल ₹ 34.66 करोड़ राशि का सहायता अनुदान जारी किया है। इस योजना के अंतर्गत 2009–10 के दौरान ₹ 1.5 करोड़ की राशि निर्धारित की गयी थी, जिसका केन्द्रीय वक्फ परिषद द्वारा पूरा उपयोग कर लिया गया है।

निम्नलिखित परियोजनाओं को ऋण स्वीकृत करके केन्द्रीय वक्फ परिषद द्वारा उपयोग में लायी गयी अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सहायता–अनुदान राशि ₹ 1.5 करोड़ के संबंध में ब्यौरा :–

क्रम सं0	पारियोजना का नाम	धनराशि
1.	न्यू मुस्लिम हास्टल, सरस्वतीपुरम, मैसूर कर्नाटक	₹ 2.35 लाख
2.	हरियाणा वक्फ बोर्ड, मेवात (हरियाणा) के इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण	₹ 75.00 लाख
3.	महमूदा शिक्षम एडं महिला ग्रामीण विकास बहु–उद्देश्य (एसएमजीवी) वक्फ संस्था, नागपुर (महाराष्ट्र)	₹ 30.00 लाख
4.	हाजी समसुद्दीन नर्सिंग होम–कम–रिसर्च सेंटर, न्यूगी, लिलांग (मणिपुर)	₹ 10.00 लाख
5.	जामा मस्जिद परिपालना, तिरूर, मलपुरम (केरल)	₹ 10.00 लाख
6.	नुसरतहुल इस्लाम संगम, सोरनूर पलक्कड (केरल)	₹ 11.95 लाख
7.	हैदेरिया मस्जिद ओट्टापलम (केरल)	₹ 11.00 लाख
	योग :	₹ 150.30 लाख

(ii) लघु परियोजनाएं:

परिषद द्वारा वक्फ संस्थानों को संवितरित राशि का पुनर्भुगतान 2 वर्ष के स्थगन के बाद 20 अर्धवार्षिक किश्तों में किया जाना होता है। ऋण प्राप्तकर्ता संस्थानों द्वारा परिषद को वापस चुकाई गई ऋण राशि से परिषद के रिवाल्विंग फंड का निर्माण होता है। जिसे पुनः वक्फ सम्पत्तियों पर लघु परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाया जाता है। इस योजना के तहत परिषद ने वर्ष 1986–87 से 90 परियोजानाओं के लिए ₹ 4.97 करोड़ राशि का ऋण दिया है जिनमें 68 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और 22 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

(iii) शैक्षिक योजनाएं:

परिषद द्वारा प्राप्त सहायता–अनुदान को ऋण प्राप्तकर्ता वक्फों को ब्याजमुक्त ऋण के रूप में शहरी वक्फ परिसंपत्तियों के विकास के लिए जारी किया जाता है, जबकि परिषद योजना के तहत कार्यरत कार्मिकों पर होने वाले समस्त व्यय को वहन करता है। परिषद ऋण लेने वाले वक्फों से ऋण का पुनर्भुगतान हो जाने तक घटते शेष पर अपनी शैक्षिक निधि के लिए 4% की दर से दान प्राप्त करता है (31 दिसम्बर, 2009 तक दान का दर 6% था)। परिषद की शैक्षिक निधि इसी दान से तैयार होती है। इसके अतिरिक्त, रिवाल्विंग फंड (अर्थात लघु स्कीमों के वित्तपोषण के लिए) की बैंक जमा राशियों पर मिलने वाला ब्याज भी शैक्षिक निधि में जमा हो जाता है। इस प्रकार, परिषद इसी शैक्षिक निधि से विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों, जिनमें आई टी आई की स्थापना आदि भी शामिल हैं, का संचालन करती है। परिषद की शैक्षिक और महिला कल्याण समिति योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों की जांच करती है और तदनुसार संस्तुतियां करती है।

अध्याय–18

दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955

18.1 राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह एक विश्व प्रसिद्ध वक्फ है। दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955 में दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आर.ए.) को प्राप्त धर्मार्थ दान के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन की व्यवस्था है। इस केन्द्रीय अधिनियम के अंतर्गत दरगाह के स्थायी निधि के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन का काम केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त दरगाह समिति को सौंपा गया है। उक्त अधिनियम और उसके उपनियम वेबसाइट www.gharibnawaz.in पर उपलब्ध हैं।

दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955 का प्रशासन

18.2 राजस्थान के अजमेर शहर में ख्वाज़ा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह एक विश्व प्रसिद्ध वक्फ है। दरगाह का प्रशासन दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत है। दरगाह को प्राप्त धमार्थ दान का प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन की शक्ति दरगाह समिति को दी गई है। दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान का प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन की शक्ति भी दरगाह समिति को दी गयी है। नई दरगाह समिति का गठन 24 अगस्त, 2007 को किया गया था। इस समय समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं :–

1.	जनाब ए एच खान चौधरी	अध्यक्ष
2.	जनाब बदरूद्दीन गुलाम मोईउद्दीन शेख,	उपाध्यक्ष
3.	जनाब प्रो0 सोहेल अहमद खान,	सदस्य
4.	जनाब प्रो0 (डॉ0) इब्राहिम,	सदस्य
5.	जनाब हाफिज वकील अहमद साहेब,	सदस्य
6.	जनाब मोहम्मद इलयास कादरी,	सदस्य
7.	जनाब नवाब मोहम्मद अब्दुल अली,	सदस्य
8.	जनाब मोहम्मद सुहेल मोईउद्दीन तिरमीजी,	सदस्य
9.	जनाब घोले इस्माइल मुअल्लिम,	सदस्य

18.3 दरगाह समिति के कार्य और शक्तियां

- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान का प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन।
- दरगाह शरीफ की चार दीवारी के भीतर के भवनों तथा सभी मकानों, दुकानों की उचित देखभाल तथा उन्हें अच्छी हालत में रखना।
- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान की समस्त राशि और अन्य आय प्राप्त करना।
- यह देखना कि धर्मार्थ प्राप्त दान की राशि दानदाताओं की इच्छा के अनुरूप खर्च की जाती हैं।

- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान की आय तथवा राजस्व की ओर से देय या उस पर प्रभारित सभी अन्य भुगतान करना और वेतन भत्ते तथा अनुलाभ का भुगतान करना।
- खादिमों के विशोशाधिकारों को निर्धारित करना तथा यदि समिति इसे आवश्यक मानती है तो उन्हें उनकी ओर से लाईसेंस प्रदान कर दरगाह में उनकी उपस्थिति नियमित करना।
- सलाहकार समिति की शक्तियों और कर्त्तव्यों को निर्धारित करना।
- दरगाह के साथ मिलकर सजदानसीन द्वारा प्रयोग की जानी वाली शक्तियों और कार्यप्रणाली का निर्धारण।
- दरगाह के कर्मचारियों की नियुक्ति, उनका निलंबन तथा उनकी बर्खास्तगी।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के गरीब वंशजों और उनके परिवारों तक भारत में रह रहे गरीब खादिमों और उनके परिवारों को शिक्षा और गुजारा के लिए वे प्रावधान करना जिसे समिति दरगाह की वित्तीय स्थिति के अनुरूप सुसंगत समझे।
- जैसा समिति उचित समझे, नाजिम को कार्य और शक्तियां प्रदान करना।
- अन्य सभी कार्य करना जो दरगाह के दक्ष प्रशासन के लिए अनुषंगी अथवा सहायक हों।

18.4 उर्स तथा धर्म सघों का प्रबंधन :

जून, 2010 के वार्षिक उर्स और दिसम्बर, 2010 के लघु उर्स (मुहर्रम) का सफलतापूर्वक प्रबंध किया गया। दरगाह समिति, राजस्थान सरकार और जिला प्रशासन, अजमेर द्वारा अवसंरचनात्मक प्रबंध किया गया था।

18.5 ज़ायरीन (तीर्थ यात्रिओं) को सुविधाएं

वार्षिक उर्स के दौरान पाक दरगाह पर आने वाले लाखों तीर्थ यात्रियों के ठहरने की सुविधा के प्रावधान संबंधी योजना का कार्यान्वयन दरगाह समिति द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार तथा राजस्थान सरकार के सक्रिय सहयोग से स्थानीय प्रशासन के माध्यम से किया जा रहा है। इस परियोजना में लगभग 27 शयनशालाएं निर्माण करने की परिकल्पना है। प्रत्येक शयनशाला में लगभग 4000 तीर्थ यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था होगी। विभिन्न राज्य सरकारों ने तीर्थ यात्रियों के लिए अपने स्टेट पैवेलियन ब्लॉक विकसित करने के प्रति रूचि दिखायी है। परियोजना के तहत एक लाख तीर्थ यात्रियों के ठहरने और 6 हजार बसों/वाहनों को पार्क करने की परिकल्पना की गई है। इस परियोजना में 27 शयनशालाओं, सामुदायिक रसोई घरों, टायलेट और हौज ब्लॉकों इत्यादि के निर्माण के लिए अनुमानित पूंजीगत परिव्यय लगभग ₹ 202 करोड़ है।

अध्याय–19

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी)

19.1 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) को अल्पसंख्यकों के पिछड़े वर्गों में आर्थिक तथा विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30 सितम्बर, 1994 को नियमित किया गया था। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह निगम दोगुनी गरीबी रेखा से नीचे की पारिवारिक आय, जो इस समय शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए क्रमशः ₹ 55000 वार्शिक और ₹ 40000 वार्षिक है, से संबद्ध अल्पसंख्यक समुदायों के पात्र लाभग्राहियों को स्वरोजगार क्रियाकलापों के लिए रियायती वित्त प्रदान करता है।

19.2 लाभग्राहियों तक पहुँच के लिए एनएमडीएफसी के दो चैनल हैं अर्थात् (1) संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा नामित राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के माध्यम से और (2) गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से। वैयक्तिक लाभग्राही को एससीए कार्यक्रमों के तहत ₹ 5.00 लाख तक की लागत की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके लिए 3% की ब्याज दर पर एससीए को निधि उपलब्ध कराई जाती है, ताकि लाभार्थियों को 6% की दर से और ऋण दिया जा सके। निगम स्वयं के लिए तथा मजदूरी रोजगार के लिए लक्ष्य समूहों की क्षमता निर्माण हेतु एससीए के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण और शैक्षिक ऋण की योजना को भी कार्यान्वित कर रहा है।

19.3 माइक्रो फाइनेंसिंग स्कीम के अंतर्गत ₹ 25,000 तक के माइक्रो ऋण, एनजीओ के माध्यम से अल्पसंख्यक स्व–सहायता समूहों के प्रत्येक सदस्य को दिए जा रहे हैं। इस उद्देश्य के लिए एनजीओ को 1% की दर से निधि उपलब्ध कराई जाती है, जिसे 5% प्रतिवर्ष की ब्याज दर से आगे ऋण के रूप में दिया जाता हैं। ऋण देने के कार्यकलापों के अलावा, एनएमडीएफसी, कौशल उन्नयन और विपणन सहायता हेतु प्रशिक्षण में लक्ष्यगत समूहों को सहायता प्रदान करता है। एनजीओ कार्यक्रम के अंतर्गत स्व–सहायता समूहों के उन्नयन और स्थायित्व के लिए ब्याज रहित ऋण (अनुदान के रूप में समायोज्य) का भी प्रावधान है।

19.4 एनएमडीएफसी द्वारा राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से शैक्षिक ऋण योजना कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत एनएमडीएफसी व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा जारी रखने के लिए योग्य अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को 3% वार्षिक की रियायती ब्याज दर पर 2,50,000 उपलब्ध कराता है।

19.5 अपने कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए एनएमडीएफसी के पास ₹ 1500 करोड़ की प्राधिकृत अंशपूंजी है, जिसमें से भारत सरकार का हिस्सा ₹ 975 करोड़ है (65%) और राज्य सरकारों का हिस्सा ₹ 390 करोड़ (26%) है, जबकि शेष ₹ 135 करोड़ (9%) अल्पसंख्यकों में रूचि रखने वाले व्यक्तियों/संस्थानों द्वारा अंश दान दिया जाना होता है। भारत सरकार ने अभी तक एनएमडीएफसी की इक्विटी में ₹ 760.36 करोड़ (77.99%) का अंशदान दिया है, जबकि ₹ 163.21 करोड़ (41.85%) विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दिया गया है। अल्पसंख्यकों में रूचि रखने वाले संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा ₹ 55000 दिया गया है।

19.6 एससीए कार्यक्रम के तहत दिनांक 31.12.2010 तक एनएमडीएफसी ने पच्चीस राज्यों और तीन संघ राज्य क्षेत्रों में 345733 लाभार्थियों को ₹ 1362.44 करोड़ की वित्तीय सहायता दी है। वर्ष 2010–11 में (31.12.2010 तक) 23835 लाभार्थियों को ₹107.26 करोड़ की वित्तीय सहायता दी गई है।

19.7 माइक्रो वित्त प्रबंध, एनएमडीएफसी द्वारा 1998–99 से कार्यान्वित किया जा रहा है। आरम्भ में इसे एनजीओ के माध्यम से कार्यान्वित किया गया। बाद में इसके कार्यान्वयन में एससीए को शामिल किया गया। इसके गठन से दिनांक 31.12.2010 तक 293624 लाभार्थियों को माइक्रो वित्त योजना के अंतर्गत कुल ₹ 194.76 करोड़ संवितरित किए जा चुके हैं। चालू वित्त वर्ष (2010–11) में दिनांक 31 दिसम्बर, 2010 तक 76599 लाभार्थियों के लिए एनजीओ/एससीए को ₹ 61.27 करोड़ का माइक्रो ऋण संवितरित किया जा चुका है।

19.8 अपने गठन से लेकर 31 दिसम्बर, 2009 तक निगम द्वारा उक्त दोनों कार्यक्रमों के तहत 639357 लाभार्थियों को ₹ 1557.11 करोड़ की राशि संवितरित की गई है। चालू वित्त वर्ष में 31.12.2010 तक 100434 लाभार्थियों की सहायता के लिए ₹ 168.53 करोड़ की समेकित राशि वितरित की गई है।

19.9 वर्ष 2007–08 के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा राज्य चैलाइजिंग एजेंसियों को उनकी अवसंरचना सुदृढ़ करने के लिए सहायता अनुदान देने की एक योजना शुरू की गई है। ये सहायता जागरूकता अभियानों, वितरण प्रणाली में सुधार, मानव शक्ति को प्रशिक्षण, ऋण वसूली आदि के लिए प्रदान की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत खर्च का 90 प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है और राज्य सरकारों को 10 प्रतिशत का अंशदान करना होता है। वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए इस योजना हेतु स्वीकृत ₹ 4.00 करोड़ में से ₹ 3.83 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है।

19.10 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की वर्ष 2009–10 की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखाओं को लोक सभा में 09 दिसम्बर, 2010 को और राज्य सभा में 13 दिसम्बर, 2010 को प्रस्तुत किया गया था।

अध्याय–20

मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान

20.1 मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की स्थापना वर्ष 1989 में, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन एक स्वैच्छिक, गैर–राजनैतिक, गैर–लाभकारी सोसायटी के रूप में पंजीकृत करके की गई थी।

20.2 इस प्रतिष्ठान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से शैक्षिक तौर पर पिछड़े अल्पसंख्यकों और सामान्यतः कमजोर वर्गों के लाभ के लिए शैक्षिक योजनाएं तैयार करना और उन्हें लागू करना, बालिकाओं को आधुनिक शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से उनके लिए विशेष आवासीय स्कूलों की स्थापना करना तथा अनुसंधान को बढ़ावा देना और शैक्षिक तौर पर पिछड़े अल्पसंख्यकों के लाभ के लिए अन्य प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

20.3 प्रतिष्ठान की आम सभा में 15 सदस्य होते हैं, जिनमें 6 पदेन सदस्य और 9 नामित सदस्य होते हैं। नामित सदस्यों को प्रतिष्ठान के अध्यक्ष द्वारा तीन वर्ष के लिए नामित किया जाता है। अल्पसंख्यक कार्य मामलों के केन्द्रीय मंत्री इस प्रतिष्ठान के पदेन अध्यक्ष हैं।

